RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-193 जयपुर, रविवार, 11 जनवरी 2026 मूल्य-4 रुपये

### कांस्टेबल नव नियुक्ति समारोह- जयपुर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 9000 कॉन्स्टेबल को नियुक्ति पत्र दिए

# भजनलाल सरकार ने पेपरलीक से राजस्थान को दिलाई निजात: शाह

जयपुर



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार में पेपर लीक की परंपरा थी। जिसे भजनलाल शर्मा की मजबूत इरादों वाली सरकार ने खत्म किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में दो साल में हर तरह के अपराध में कमी आई है। कानून-व्यवस्था और शांति के कारण प्रदेश का विकास होता है। आज निवेशक राजस्थान का रुख कर रहे हैं। वे आज शनिवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में आरक्षक नव नियुक्ति समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान पुलिस में शामिल 9 हजार कांस्टबलों को नियुक्ति पत्र भी दिए। अमित शाह ने कहा, राजस्थान की सुरक्षा के लिए आज का यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है। इससे पहले उन्होंने 'राम राम' कहकर मंच से लोगों का अभिवादन किया। इस मौके पर रतनगढ़ (चूरू) थाना को राजस्थान का श्रेष्ठ थाना और देश में दसवां स्थान मिला है। अमित शाह ने आरपीए में एक इंडोर स्टेडियम का भी शिलान्यास किया।

## प्रतिभाएं आगे बढ़ेंगी तभी प्रदेश आगे बढ़ेगा

अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, आज राजस्थान पुलिस के लिए भी अहम दिन है। आज 9 हजार युवा पुलिस बल ज्वाइन करेंगे और जनता की सुरक्षा कर सुरक्षित राजस्थान का सपना साकार करेंगे। उनकी नियुक्ति से परिजनों को नई उम्मीद मिली है। आज जिन्हें नियुक्ति मिली उनमें 2500 से ज्यादा महिला कांस्टेबल हैं। युवाओं को अपने दम पर बिना सिफारिश नौकरी मिली है। यह पारदर्शिता और भ्रष्टाचार का उन्मूलन का संकेत है व योग्यता का सम्मान है। प्रदेश तभी आगे बढ़ेगा, जब प्रतिभाएं आगे बढ़ेंगी।

उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस सरकार का पेपर लीक का सिलसिला भजनलाल सरकार ने खत्म किया है। राजस्थान पुलिस देश की सबसे अग्रणी और सक्षम पुलिस बल में एक है। राजस्थान के गठन के बाद राजस्थान पुलिस का गठन हुआ। यहां लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। चम्बल के बीहड़ और थार का मरूस्थल है। कई विश्व प्रसिद्ध पर्यटन क्षेत्र हैं। ऐतिहासिक दुर्ग और किले हैं। प्राकृतिक स्थल भी हैं। इससे पुलिस की चुनौती बढ़ जाती है।

## दो साल में कम हुई अपराध की दर

उन्होंने कहा, राजस्थान में दो साल में अपराध में 14 फीसदी की कमी आई है। गंभीर प्रकृति के अपराध में 19 फीसदी की कमी आई है। महिलाओं, कमजोर वर्ग पर अत्याचार में की घटनाओं में भी कमी दर्ज की गई है। लूट में 51 फीसदी की कमी आई है। यह कमिटमेंट वाली सरकार है। जिसका उद्देश्य पारदर्शी तरीके से सरकार चलाना है। इस सरकार ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया है। साइबर अपराध के मामलों पर लगाम लगाने के लिए आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर के गठन की भी घोषणा की है। नई भर्ती से पुलिस और ताकतवर होगी।

## पुराने कानून अंग्रेजों का खजाना भरने वाले

वे बोले, पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अंग्रेजों के कानून खत्म कर बीएनएस को इंट्रोड्यूस किया है। पहले अंग्रेजों के तीन कानूनों का उद्देश्य अंग्रेज सरकार का खजाना भरना था। अब नए कानून नया अनुभव देंगे। जिनमें तकनीक को अलग स्थान दिया गया है। पुलिस, एफएसएल, कोर्ट, प्रॉसिक्यूशन और जेल को एक साथ जोड़ा गया है। महिलाओं, बच्चों के लिए अलग चैप्टर बनाकर नया अध्याय लिखा है। आतंकवाद और संगठित अपराध को नए सिरे से परिभाषित किया है। राजस्थान पुलिस का सजा करवाने की दर 41 से बढ़कर 60 फीसदी हो गई है। उन्होंने कहा, जल्द ही यह 85 फीसदी होगी।

## I4C की तर्ज पर राजस्थान में बनेगा R4C

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, यह आजादी के बाद आज देश का अभूतपूर्व कालखंड है। देश कुशल नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। जम्मू कश्मीर का पुनर्गठन सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि है। पीएम मोदी की प्रेरणा से अमित शाह ने नक्सलवाद को खत्म किया है। औपनिवेशिक मानसिकता वाले पुराने कानूनों को खत्म किया। पीएम मोदी की प्रेरणा से अमित शाह ने पूर्वोत्तर के राज्यों में शांति के लिए कई अहम समझौते किए हैं।

## माहेश्वरी महाकुंभ: जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर है माहेश्वरी समाज



**जोधपुर।** जोधपुर के पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर में मारवाड़ कन्वेंशन सेंटर के पास चल रहे 'माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन' में शनिवार को सियासी पारा चरम पर है। इसमें हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार देर रात को ही जोधपुर पहुंच गए और सुबह तय समय पर महाकुंभ में शामिल होने पहुंचे।

कार्यक्रम में उनके साथ लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्री भी मौजूद हैं। यहां प्रधानमंत्री मोदी द्वारा माहेश्वरी समाज के नाम भेजी चिट्ठी का वाचन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने किया।

जोधपुर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा- माहेश्वरी समाज जॉब सीकर नहीं रहा, जॉब क्रिएटर रहा है। ऐसे ही सदियों तक यह समाज देश की सेवा करता रहे। राम मंदिर पर पुस्तक लिख रहा युवक मेरे पास आया। मैंने उससे पूछा कि तुम्हारे पास क्या जानकारी है? उसने बताया कि आजादी के बाद राम मंदिर के लिए सबसे पहले प्राणों की आहूति देने वाले दोनों भाई माहेश्वरी समाज से थे।

## भरतपुर में खनन माफिया ने पुलिसकर्मियों को घेरकर पीटा

### जब्त LNT मशीन छुड़ाकर ले गए, जान से मारने की धमकी दी

भरतपुर

भरतपुर में अवैध खनन रोकने गई पुलिस टीम की खनन माफिया ने पिटाई कर दी। घेरा बनाकर पुलिस के जवानों को पीटा और पुलिस के कब्जे में ली गई एलएनटी मशीन भी छुड़ाकर ले गए।

घटना जिले के रुदावल थाना क्षेत्र के चुरारी डांग इलाके में शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे हुई। पुलिस ने शनिवार को मामला दर्ज कर हमला करने वाले 13 बदमाशों की पहचान की है। हालांकि देर शाम तक मामले में चार आरोपी विजयसिंह, रामजीत, प्रेम सिंह और सुनील को गिरफ्तार किया गया है।


मामले में एएसआई भरत लाल ने एफआईआर दर्ज करवाई हैं। बताया- वह शुक्रवार की शाम थाने के जाब्ते के साथ इलाके में गश्त करने रवाना हुए थे। शाम करीब 5 बजे जाब्ते के साथ डुमरिया गांव पहुंचे थे। इस दौरान चुरारी डांग इलाके में अवैध खनन होने की सूचना मिली।

इसके बाद जाब्ते में से हेड कॉन्स्टेबल दाताराम के नेतृत्व में कॉन्स्टेबल अभिषेक, महेश, कृष्णाराम की टीम को कार्रवाई के लिए वहां रवाना किया गया।

## राजस्थान में शीतलहर, उत्तराखंड में पारा -19 डिग्री

### पिथौरागढ़ में झरना जमा, जैसलमेर का तापमान 4.6 डिग्री

नई दिल्ली



पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते तापमान में खासी गिरावट हुई है। उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में शुक्रवार रात को पारा -19 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार सुबह छिड़कानी में पानी के झरने जमे हुए नजर आए। चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग में पानी की पाइपलाइन जम गई है। इधर, पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान में सर्दी बढ़ गई है। 13 जिलों में कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जैसलमेर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं, बिहार के 32 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। इससे विजिबिलिटी 10 मीटर के आसपास रहने की संभावना है। अगले एक हफ्ते तक कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। 16 जिलों में पारा 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश में 30 शहरों में शनिवार सुबह कोहरा छाया। कोहरे का असर ट्रेन और फ्लाइटों पर देखने को मिल रहा है। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कुछ तो 10-10 घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर 5 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट पहुंचीं।

राजस्थान के 10 से ज्यादा जिले आज सुबह भी घने कोहरे की चपेट में रहे। जैसलमेर और कोटपूतली-बहरोड़ जिले में हुए दो एक्सीडेंट में 24 लोग घायल हो गए। इनमें एक एसएचओ सहित 4 पुलिसवाले भी शामिल हैं।

वहीं, धुंध के कारण उदयपुर में इंडिगो की दो फ्लाइट कैंसिल हो गई। सीकर, नागौर, जैसलमेर सहित कई जिलों कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही।

## गौ हत्या के विरोध में पोकरण बवाल, बाजार बंद, तीन गिरफ्तार

पोकरण

जैसलमेर जिले के पोकरण में 8 जनवरी को केलावा गांव में हुई गौ हत्या के बाद शुक्रवार को हिंदू संगठनों ने पोकरण बंद और विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। इस दौरान आज पोकरण में सुबह से ही बाजार पूरी तरह बंद रहे।

विरोध के बाद पुलिस ने गौहत्या के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं नगरपालिका ने एक आरोपी के मकान पर अवैध अतिक्रमण का हवाला देते हुए बुलडोजर भी चलाया। इस दौरान पोकरण और जैसलमेर विधायक की मौजूदगी में विरोध प्रदर्शन और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सभा आयोजित की गई।

शुक्रवार को हुई बैठक में विधायक महंत प्रताप पूरी और हिन्दू संगठनों ने पोकरण बंद के साथ ही विरोध सभा आयोजित करने का फैसला लिया।

इसके बाद आज, शनिवार को गौ हत्या के विरोध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर दोपहर 12:30 बजे से पंचायत समिति साकड़ा कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन के लिए सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग नारे लगाते हुए पहुंचे।

## ओडिशा में 9 सीटर विमान क्रैश, 6 घायल

राउरकेला





ओडिशा के राउरकेला में इंडिया वन एयर के 9 सीटर विमान की तकनीकी खराबी के बाद फोर्स लैंडिंग हुई। घटना शनिवार दोपहर 1.20 बजे राउरकेला से 15 चद्व दूर जाल्दा इलाके की है। घटना के वक्त विमान में 4 यात्री और दो पायलट मौजूद थे। सभी घायलों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि कर्मशिअल विमान VT KSS ने दोपहर 12.27 से भुवनेश्वनर से राउरकेला के लिए उड़ान भरी थी। 50 मिनट की उड़ान के बाद विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। पायलट ने MAYDAY कॉल किया। इसके बाद खुले इलाके में फोर्स लैंडिंग कराई। हादसे की मुख्य वजह साफ नहीं है। विमान का ब्लैक बॉक्स रिकवर किया जा रहा है।

वहीं, क्रैश की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि VT KSS प्लेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। उसके विंग्स भी क्षतिग्रस्त हैं। ओडिशा के वाणिज्य और परिवहन मंत्री बी बी जेना ने कहा कि क्रैश विमान A-1 कैटेगरी का है। घटना की जानकारी DGCA को दी गई है।

## टीएमसी कार्यकर्ताओं ने सुवेंदु अधिकारी की गाड़ी को घेरा, नारेबाजी की

### भाजपा नेता ने हमला करने का आरोप लगाया, पुलिस स्टेशन में धरने पर बैठे

कोलकाता

पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी की गाड़ी का घेराव किया और उनके खिलाफ नारेबाजी की। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो कि शुभेंदु अधिकारी ने ही एक्स पर शेयर किया है। सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर हमला करने का आरोप लगाया है। सुवेंदु ने कहा- मैं शनिवार रात करीब 8:20 बजे पुरुलिया से लौट रहा था, इस दौरान पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना रोड इलाके में TMC कार्यकर्ताओं ने मुझ पर हमला किया गया।

उन्होंने हमलावरों को सत्ताधारी दल के संरक्षण में काम करने वाले लोग बताया और चंद्रकोना पुलिस स्टेशन के अंदर धरने पर बैठ गए। सुवेंदु ने कहा कि हमले के समय पुलिस मौके पर मौजूद थी, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की। सुवेंदु अधिकारी ने इस घटना को सिर्फ खुद पर नहीं, बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल में विपक्ष की आवाज पर हमला बताया।

## डीएसटी टीम ने पकड़ा 3 करोड़ का गांजा

### उड़ीसा से ट्रक में भरकर ला रहे थे, राजस्थान के तीन जिलों में सप्लाई होना था

टोंक



उड़ीसा से राजस्थान में सप्लाई हो रहा तीन करोड़ का गांजा मय ट्रक के टोंक डीएसटी टीम ने पकड़ा है। बताया जा रहा है कि ये गांजा प्रदेश के तीन जिलों में तस्करों को सप्लाई होना था। टोंक डीएसटी टीम ने शुक्रवार मध्य रात बाद 3 बजे बाद देवली डीएसपी ऑफिस के सामने जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-52 पर एक ट्रक का पीछा कर उसे रुकवाया था। इसकी जांच करने पर कट्टों में भरकर रखे 500 किलो गांजा मिला, जिसकी कीमत मय ट्रक के करीब 3 करोड़ है।

डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि उड़ीसा से कट्टों में भरकर गांजे को देवली के हनुमान नगर इलाके में ले जाया जा रहा था। इस बीच शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर हाईवे पर नाकाबंदी करवाई गई। इस पर ट्रक ड्राइवर और उसके साथ मौजूद व्यक्ति से पूछताछ की तो वह जवाब नहीं दे पाए। टीम ने जब ट्रक की तलाशी ली तो इसमें 500 किलो गांजा मिला। पुलिस ने दोनों को गिरफ़्तार कर लिया है।

### सोमनाथ मंदिर पर हमले के 1000 साल पूरे होने पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा

## मोदी ने सोमनाथ मंदिर में महाआरती की, ऊं जाप किया

सोमनाथ





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 12 जनवरी तक 3 दिन के गुजरात के दौरे पर हैं। शनिवार शाम वे राजकोट से हेलिकॉप्टर के जरिए सोमनाथ पहुंचे। यहां उन्होंने रोड शो किया।

इसके बाद सोमनाथ मंदिर पहुंचे। सोमेश्वर महादेव की महाआरती की। 72 घंटे चलने वाले ऊं जाप में शामिल होकर ऊं जाप भी किया। इसके बाद पीएम ने ड्रोन शो भी देखा, जिसमें 3 हजार ड्रोन से सोमनाथ गाथा प्रस्तुत की गई।

पीएम ने एक्स पर लिखा- सोमनाथ आकर धन्य महसूस कर रहा हूं। यह हमारी सभ्यतागत साहस का गौरवपूर्ण प्रतीक है। वहीं, रोड शो के दौरान पीएम को देखने के लिए सड़क के दोनों और भीड़ मौजूद रही थी।

मंदिर पहुंचने से पहले पीएम ने सोमनाथ सर्किट हाउस में सोमनाथ के ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग भी की थी। पीएम सोमनाथ सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। दरअसल पीएम मोदी ने सोमनाथ पर 1026 में हुए पहले आक्रमण के हजार साल पूरे होने पर हो रहे इस कार्यक्रम को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' नाम दिया है। पर्व 8 से 11 जनवरी तक मनाया जा रहा है।

पीएम मोदी 11 जनवरी की सुबह करीब 9:45 बजे शौर्य यात्रा में शामिल होंगे। करीब 2 किमी लंबी इस यात्रा में 108 घोड़े नजर आएंगे।

शौर्य यात्रा सोमनाथ मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए निकाली जाती है। यात्रा का समापन सोमनाथ के सद्भावना मैदान में होगा। इसके बाद पीएम सोमनाथ मंदिर में दर्शन, जलाभिषेक और पूजा अर्चना करेंगे। सुबह लगभग 11 बजे सोमनाथ में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और सद्भावना मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## आत्मविश्वास नहीं, तो सारी शक्ति और हथियार बेकार: डोभाल

### जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए लड़ते हैं

नई दिल्ली



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं। उन्होंने कहा, 'हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाइयां इसके लिए नहीं लड़ी जाती।

उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करें और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें।

अजीत डोभाल ने शनिवार को नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह के दौरान ये बाते कहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वही इच्छाशक्ति राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है।

दुनिया में हो रहे सभी युद्ध और संघर्षों को देखें तो साफ है कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। इसके लिए अपनी ताकत का प्रयोग कर रहे हैं। अगर कोई देश इतना शक्तिशाली है कि कोई उसका विरोध न कर सके तो वह हमेशा स्वतंत्र रहेगा। लेकिन अगर संसाधन और हथियार हों, पर मनोबल न हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है।

मनोबल बनाए रखने के लिए लीडरशिप जरूरी होती है। आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेतृत्व है। एक ऐसा लीडर जिसने 10 सालों में देश को कहां से कहां पहुंचा दिया।

आज का स्वतंत्र भारत हमेशा से उतना स्वतंत्र नहीं था। इसके लिए हमारे पूर्वजों ने बड़े बलिदान दिए। अपमान झेला और बेबसी के दौर से गुजरे। कई लोगों को फांसी हुई। हमारे गांव जलाए गए। हमारी सभ्यता को नुकसान पहुंचाया गया।

यह इतिहास हमें एक चुनौती देता है कि आज भारत के हर युवा के अंदर एक आग होनी चाहिए। 'बदला' शब्द शायद बहुत अच्छा न लगे, लेकिन बदला खुद एक ताकतवर एहसास है। हमें अपने इतिहास का बदला लेना है। हमें इस देश को उस मुकाम पर वापस ले जाना है, जहां हम अपने अधिकारों, अपने विचारों और अपने विश्वास के आधार पर एक महान भारत का निर्माण कर सकें।

हमारी सभ्यता बहुत विकसित थी। हमने किसी के मंदिर नहीं तोड़े। हम कहीं लूटने नहीं गए। हमने किसी दूसरे देश या लोगों पर हमला नहीं किया, लेकिन हम अपनी सुरक्षा और खुद को लेकर आने वाले खतरों को समझने में नाकाम रहे।

# 4 घंटे में भूकंप के 9 झटके महसूस... गुजरात के राजकोट में क्यों डोल रही धरती

गांधीनगर (एजेंसी)। गुजरात की धरती लगातार डोल रही है।ऐसा लग रहा है मानो जैसे किसी बड़े खतरे की आहट हो। जी हां, गुजरात के राजकोट में आज कई बार धरती कांपी है। राजकोट में महज 4 घंटे में भूकंप के 9 झटके महसूस किए। भूकंप के इन झटकों से लोगों में दहशत का माहौल है। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि यह किस तरह का खतरा है। राजकोट जिले के उपलेटा इलाके में शुक्रवार सुबह से ही भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। उपलेटा इलाके में 4 घंटे के भीतर भूकंप के 9 झटके महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर 3.8 की तीव्रता दर्ज हुई। शुक्रवार सुबह 6.19 बजे भूकंप का पहला झटका आया। इसके बाद सुबह एक घंटे के भीतर 6 भूकंप के झटके महसूस किए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.7 से 3.8 दर्ज की गई। इसके पहले गुरुवार रात को भी 8.43 बजे 3.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज हुआ था। सभी भूकंप का केंद्र उपलेटा से 27 किलोमीटरद के आस पास रहा है। उपलेटा के अलावा धोराजी ओर जेतपुर में भी झटके महसूस हुए हैं। लगातार आ रहे भूकंप के इन झटकों से लोगों में डर का मौहाल बन गया है। फिलहाल, पालिका की टीम जांच के लिए पहुंची है और लोगों से न डरने की अपील की गई है। लोगों को सचेत रहने की प्रशासन ने अपील की है। डर का आलम यह है कि भूकंप के कारण जेतपुर की स्कूल में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

# जयदीप राठी हत्याकांड : लकड़ियों और पेट्रोल से जलाया शव, नहर में फेंके अवशेष

पानीपत (एजेंसी)। हरियाणा के पानीपत जिले में इनेलो नेता कुलदीप राठी के भाई और नेत्ररोग विशेषज्ञ जयदीप राठी की हत्या का मामला सुर्खियों में है। पुलिस को अब तक उनके शव के कोई अवशेष नहीं मिले हैं और शव की नहर में तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक, 27 दिसंबर को आरोपियों ने राठी की हत्या के बाद उनके शव को जलाया और राख व अस्थियों को कुरुक्षेत्र की नरवाना ब्रांच नहर में बहा दिया। सूत्रों के अनुसार, जयदीप की हत्या कहीं और की गई, लेकिन शव को यमुनानगर ले जाकर जलाया गया। आरोपियों ने शव को जलाने के लिए पशुओं के बाड़े से करीब 15 क्विंटल लकड़ियों का इंतजाम किया और लगभग 10 लीटर तेल छिड़क कर आग लगाई। जांच में यह सामने आया कि आरोपी शव को गाड़ी में घुमाते रहे और फिर राख व अस्थियों को कट्टों में भरकर नहर में बहा गए। पानीपत पुलिस की टीम नरवाना ब्रांच नहर में शव के अवशेष खोज रही है। इसमें स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) और गोताखोर प्रगट सिंह की टीम भी शामिल है। पुलिस ने पहले ही आरोपी जसवंत उर्फ जस्सी से घटनास्थल की पहचान करवाई है और उसी स्थान से दोबारा खोज जारी है। पुलिस के अनुसार, हत्या का मुख्य कारण जमीन विवाद था। जयदीप राठी नेत्ररोग अधिकारी के पद पर कार्यरत थे और इनेलो के जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी के भाई थे। 27 दिसंबर को आरोपियों ने उन्हें डेराबस्सी में मिलने के बहाने बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के दिन जयदीप के बेटे की शिकायत पर अपहरण का केस भी दर्ज किया गया। पुलिस का प्रयास है कि जल्द से जल्द शव के अवशेष बरामद कर आरोपी न्याय के कटघरे में खड़े हों।

# दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने आतिश के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (डी.एस.जी.एम.सी.) ने भी आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर दिल्ली पुलिस में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है। यह शिकायत पुलिस आयुक्त और संसद मार्ग थाना को सौंपी गई है। शिकायत में आरोप लगाया है कि आप नेता आतिशी की टिप्पणियों से सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। बता दें कि आतिशी द्वारा सिख धर्म से जुड़े गुरुओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने के बाद पूरे देश में सियासी घमासान तेज हो गया। आतिशी के अपमानजनक भाषण का हर ओर विरोध शुरू हो रहा है। असल में यह विवाद श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के मौके पर दिल्ली विधानसभा में हुई विशेष चर्चा से जुड़ा है, जहां पर अतिशी ने कुछ भी सकारात्मक नहीं बोला तथा सिखों के नौवें गुरु का अपमान भी किया।

# राज्यपाल सीवी आनंद बोस को जान से मारने की धमकी

कोलकत्ता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस को एक ईमेल के माध्यम से जान से मारने की धमकी मिली, इसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई है। कोलकत्ता में लोक भवन के वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ईमेल भेजने वाले ने राज्यपाल को 'उड़ा देने' की धमकी दी। लोकभवन के अधिकारी ने बताया, ''आरोपी ने ईमेल में अपना मोबाइल नंबर भी दिया है। इस धमकी के बारे में डीजीपी को सूचित किया है और डीजीपी से उस व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार करने को कहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी इस बारे में सूचित किया गया है। इस मामले की सूचना केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी दे दी गई है। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर काम कर रहे हैं। राज्यपाल बोस को जेड-प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है और अब उनकी सुरक्षा के लिए लगभग 60-70 केंद्रीय पुलिस कर्मी तैनात हैं।

# व्यापारी को निवेश का झांसा देकर बनाया बंधक, बंदूक दिखाकर दो करोड़ लूटे

बैंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के एक व्यवसायी की फर्म में निवेश का वादा करके उन्हें महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुलाने और उन्हें कई होटलों में बंधक बनाकर बंदूक से डराकर दो करोड़ से जयादा लूटने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 15 से 18 दिसंबर, 2025 के बीच हुई थी और मामले के मुख्य आरोपी ठाणे के मानपाड़ा निवासी अंकित बापू थोम्ब्रे (40) को 6 जनवरी को गिरफ्तार किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एसीपी (अपराध) ने कहा कि गिरफ्तारी मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की अपराध शाखा इकाई-एक द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि पीड़ित की पहचान शामंतकुमार शादक शारप्पा कार्दर (31) के रूप में हुई है, जो कर्नाटक के शिमोगा के एक व्यवसायी हैं। उन्हें 15 दिसंबर 2025 को एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को अंकित बताया। अंकित ने उनकी कंपनी में निवेश करने में रुचि दिखाई। एसीपी ने कहा कि उसके प्रस्ताव पर भरोसा करते हुए, शिकायतकर्ता ने ठाणे जिले के काशीमीरा की थाना की।

# हर चीज के लिए नेहरू को दोषी ठहराना ठीक नहीं, कुछ गलतियां मानना जरूरी

**-कांग्रेस नेता थरुर बोले- मैं नेहरू का प्रशंसक, लेकिन आंख बंद कर समर्थन नहीं करता**

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू को लेकर तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बड़ा बयान दिया है। थरूर ने कहा है कि वह भारत के पहले पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू को भारतीय लोकतंत्र का संस्थापक मानते हैं, लेकिन उनकी तारीफ आलोचना से खाली नहीं है। थरूर ने माना कि नेहरू के कुछ फैसलों के कारण 1962 में भारत को चीन से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन हर चीज के लिए नेहरू को दोषी ठहराना ठीक नहीं। थरूर ने इस बात पर जोर दिया कि नेहरू की गलतियों को मानना जरूरी है, लेकिन भारत की सभी समस्याओं के लिए उन्हें दोष देना गलत है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मैं जवाहरलाल नेहरू का प्रशंसक हूं, लेकिन आंख बंद करके समर्थन नहीं करता। मैं उनकी सोच और दृष्टिकोण की बहुत सराहना करता हूं और उनका सम्मान करता हूं। हालांकि मैं उनकी सभी नीतियों और विचारों से सौ फीसदी सहमत नहीं हूं। उन्होंने जो कई काम किए, वे सबसे ज्यादा सराहना के योग्य हैं। सबसे अहम बात यह है कि नेहरू ने भारत में लोकतंत्र को मजबूती से स्थापित कियाज्मैं यह नहीं कहूंगा कि मोदी सरकार लोकतंत्र विरोधी है, लेकिन वे निश्चित रूप से नेहरू विरोधी हैं। नेहरू को एक सॉफ्ट टारगेट यानी आसान निशाना बना दिया गया है।

शशि थरूर ने कहा कि केंद्र में मौजूदा सरकार की पंडित नेहरू पर की जा रही आलोचना का कुछ आधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए 1962 में चीन के खिलाफ मिली हार को कुछ हद तक नेहरू के फैसलों से जोड़ा जा सकता है, लेकिन अब जो हो रहा है, वह यह है कि नेहरू को हर बात के लिए दोषी ठहराया जाता है, चाहे मुद्दा कुछ भी हो। थरूर ने कहा कि उन्हें पढ़ने का शौक बचपन में ही लग गया था, जब न टीवी था और न ही मोबाइल फोन। उन्होंने याद किया कि उन्होंने पहली बार बहुत कम उम्र में ही उपन्यास लिखा था, लेकिन बाद में वह स्याही गिरने की वजह से खो गया।

रिपोर्ट के मुताबिक शशि थरूर ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में पढ़ने की आदतें कम हो रही हैं, लेकिन केरल में पढ़ने की संस्कृति अब भी आगे है। कांग्रेस नेता ने दिल्ली के प्रसिद्ध सेंट स्टीफन कॉलेज के अपने कॉलेज के दिनों को भी याद किया, जहां उन्होंने एक बार मंच पर एंटनी का किरदार निभाया था और फिल्म निर्माता मीरा नायर ने क्लियोपेट्रा की भूमिका निभाई थी।

# सीएम ममता ने ईडी के खिलाफ कोलकाता के दो पुलिस स्टेशनों में शिकायत दर्ज करा दी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता के दो पुलिस स्टेशनों में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा इंडिया पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के कार्यालय और इसके को-फाउंडर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी और तलाशी अभियान के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी है। हालांकि, दोनों शिकायतों में न किसी ईडी अधिकारी और न ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों का नाम है। ये दोनों शिकायतें अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज की गई हैं। सीएम ममता बनर्जी द्वारा दो पुलिस स्टेशनों में दर्ज शिकायतों पर प्रतिक्रिया देकर केंद्रीय राज्य मंत्री और पश्चिम बंगाल में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री ममता ने एक बिजनेसमैन को बचाने के लिए खुद दो पुलिस स्टेशनों में शिकायत दर्ज करा दी है। बीजेपी नेता मजूमदार ने कहा, मैं सीएम ममता से अपील करता हूं कि वह कम से कम अपनी कुर्सी की गरिमा बनाए रखें। कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस सुव्रा घोष की सिंगल जज बेंच शुक्रवार को ईडी की आई-पैक रेड से जुड़ी तीन याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। मुख्य याचिका ईडी की ओर से है, जिसमें बंगाल की मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इन दो जगहों पर रेड और सर्च ऑपरेशन के दौरान सेंट्रल एजेंसी के अधिकारियों के सरकारी कामों में रुकावट डालकर अपने संवैधानिक पद का गलत इस्तेमाल किया। ईडी की इस मुख्य याचिका के खिलाफ प्रतीक जैन और तृणमूल कांग्रेस की दो जवाबी याचिकाएं हैं।



# असम बीजेपी अध्यक्ष पर एफआईआर दर्ज, विपक्ष ने लगाए वोट चोरी के आरोप

**-एसआईआर में अगर सुधार नहीं हुआ, तो पूरे राज्य में आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी**

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों ने बीजेपी की राज्य इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। विपक्षी दलों ने बीजेपी पर आने वाले चुनावों से पहले मतदाता सूची में हेरफेर करने का आरोप लगाया। दिसपुर पुलिस थाने में दी गई शिकायत में बीजेपी पार्टी का नाम है। विपक्षी पार्टियों ने आरोप लगाया है कि असली मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने के लिए चुनाव आयोग के साथ मिलकर एसआईआर कराई जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विपक्षी नेताओं ने चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतें लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को तुरंत रोकने के साथ मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने और बिना किसी भेदभाव के समीक्षा करने की मांग की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद रिपुन बोरा ने कहा कि सभी विपक्षी पार्टियों ने मिलकर 4 जनवरी को हुई एक लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंस का हवाला देते हुए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। रिपुन बोरा ने कहा कि बैठक में सैकिया ने बीजेपी विधायक और जिला अध्यक्षों को हर चुनाव क्षेत्र में पांच हजार से 10 हजार ऐसे वोटरों की पहचान करने का निर्देश दिया जो बीजेपी के समर्थक नहीं हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यह काम करीब 60 चुनाव क्षेत्रों में किया जाना था और पार्टी नेताओं को 12 जनवरी तक सूची जमा करने के लिए कहा था और एक मंत्री को पूरी प्रक्रिया की देखरेख करने का काम सौंपा था। उन्होंने कहा कि इससे हर चुनाव क्षेत्र से पांच हजार से 10 हजार मतदाताओं को हटाने की बीजेपी की योजना का पता चलता है। यही चिंता राहुल गांधी पूरे देश में उठा रहे हैं और अब यह असम में भी सामने आई है।कांग्रेस नेता ने चुनाव आयोग पर आरोपों की गंभीरता के बावजूद चुप्पी साधने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर अपराध है। हमने चुनाव आयोग के नियमों और नियमावली के मुताबिक कार्रवाई की मांग करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। यह हमारा लोकतांत्रिक कर्तव्य है।विपक्षी नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर तुरंत सुधार के कदम नहीं उठाए गए, तो वे पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन करके अपना आंदोलन तेज करेंगे और कानूनी व संवैधानिक उपाय भी अपनाएंगे। उन्होंने बीजेपी सरकार पर लोकतंत्र-विरोधी और संविधान-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया।

# पीएम मोदी ने नहीं किया ट्रंप को फोन, इसलिए रुक गया व्यापार समझौता... जयराम से कसा तंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर निशाना साधकर अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लटनिक के उन बयानों को साझा किया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि नेतृत्व स्तर पर सीधे संवाद की कमी के चलते भारत-अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से चूक गया। उन्होंने लूटनिक के बयान की क्लिप के साथ एक व्यंग्यात्मक हिंदी श्लोक साझा करके केंद्र की विदेश नीति पर कटाक्ष किया, जिससे भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव का संकेत मिलता है।



कांग्रेस नेता रमेश ने लिखा कि हग हग ना रहा, पोस्ट पोस्ट ना रहा, क्या से क्या हो गया बेवफा तेरे दोस्ती में। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी लटनिक के उस दावे के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता इसलिए रुका क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फोन नहीं किया था। अमेरिकी वाणिज्य सचिव लटनिक ने कहा कि अनुबंधों पर बातचीत हो चुकी थी और पूरे सौदे की संरचना तैयार थी, लेकिन अंतिम चरण में सीधे, नेतृत्व स्तर की भागीदारी जरुरी थी। 'मैं अनुबंधों पर बातचीत करता और पूरे सौदे को तैयार करता, लेकिन स्पष्ट कर दूं। यह उनका (ट्रम्प का) सौदा है। अंतिम निर्णय वहीं लेते हैं। वहीं करते हैं। सब कुछ तैयार है, आपको मोदी से बात करनी होगी, राष्ट्रपति को फोन करना होगा। वे ऐसा करने में असहज थे। इसलिए पीएम मोदी ने फोन नहीं किया। उस शुक्रवार को, अगले सप्ताह अमेरिका ने इंडोनेशिया, फिलीपींस, वियतनाम के साथ सौदे किए, हमने कई सौदों की घोषणा की। लटनिक ने ट्रम्प की व्यापक व्यापार वार्ता रणनीति को समझाते हुए एक सीढ़ीनुमा मॉडल बताया। उनके अनुसार, जो देश पहले आगे आए उन्हें सर्वोत्तम संभव शर्तें मिलीं, जबकि जो बाद में आए उन्हें उत्तरोत्तर उच्च दरें पेश की गईं। यूनाइटेड किंगडम के साथ पहले व्यापार समझौते का जिक्र कर लटनिक ने कहा कि ट्रंप से बार-बार पूछा गया कि अगला देश कौन सा होगा, और भारत का नाम सार्वजनिक रूप से कई बार लिया गया।

# 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' से जुड़े देशवासी : अमित शाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देशवासियों से तीन दिवसीय 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की। वह सोमनाथ महादेव मंदिर के न्यासी भी हैं। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, सोमनाथ महादेव मंदिर ज्योतिर्लिंग होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति व आध्यात्मिक गौरव की अक्षुण्ण विरासत भी है। बीते हजार वर्षों में इस मंदिर पर कई हमले हुए, लेकिन यह हर बार उठ खड़ा हुआ। यह हमारी सभ्यतागत अमरता और कभी हार न मानने की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है।'' उन्होंने कहा, मंदिर को मिटाने की कोशिश करने वालों के नामो-निशान मिट गए, लेकिन यह मंदिर आज और भी वैभवता के साथ खड़ा है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''सोमनाथ मंदिर की ऐतिहासिकता बताती है कि इसतरह के हमले हमें क्षति पहुंचा सकते हैं, लेकिन मिटा नहीं सकते, क्योंकि हर बार और भी भव्यता और दिव्यता के साथ उठ खड़ा होना सनातन संस्कृति की मूल प्रवृत्ति है। शाह ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि वह गुजरात के वेरावल स्थित इस पवित्र मंदिर के न्यासी हैं। उन्होंने कहा, ''मेरी सभी देशवासियों से अपील है कि आप भी आज से 11 जनवरी तक चलने वाले सोमनाथ स्वाभिमान पर्व से जुड़ें।

# नगर निगम चुनावों के बीच शिवसेना (यूबीटी) का भाजपा पर तीखा हमला

**- सत्ता के लिए विचारधारा छोड़ने का आरोप**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में चल रही चुनावी हलचल के बीच शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) ने भारतीय जनता पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। ठाकरे खेमे ने भाजपा पर सत्ता में बने रहने के लिए अपनी मूल विचारधारा से समझौता करने और अवसरवादी राजनीति अपनाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने एआईएमआईएम और कांग्रेस के साथ स्थानीय स्तर पर सामने आए गठबंधनों को लेकर भाजपा की हालिया रणनीतियों को ÷पाखंड का शर्मनाक प्रदर्शन÷ करार दिया है।



शिवसेना (यूबीटी) ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय के जरिए भाजपा की नीतियों और राजनीतिक चालों पर सवाल खड़े किए हैं। संपादकीय में कहा गया है कि भाजपा की मौजूदा मानसिकता किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहने की है और विपक्ष में बैठने से बचने के लिए वह हर तरह के समझौते करने को तैयार है। ठाकरे गुट का आरोप है कि भाजपा के पास अब कोई ठोस वैचारिक आधार नहीं बचा है और उसका हिंदुत्व केवल स्वार्थी राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक दिखावा बनकर रह गया है। संपादकीय में यहां तक कहा गया कि सत्ता के बिना भाजपा का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है, यही कारण है कि वह असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के साथ भी हाथ मिलाने को तैयार दिखती है।

'सामना' के संपादकीय में व्यंग्यात्मक और तीखी भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा गया कि सत्ता के लिए भाजपा ने पहले 'अजान' दी, फिर 'निकाह' किया और यहां तक कि 'खतना' भी करवा लिया, लेकिन काजी की दुआएं इतनी तेज रहीं कि यह गुप्त रिश्ता पूरी दुनिया के सामने आ गया। ठाकरे गुट ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में विपक्ष के वोटों को बांटने के लिए एआईएमआईएम को अक्सर एक 'छिपे हुए मददगार' के रूप में इस्तेमाल किया है।

शिवसेना (यूबीटी) ने नगर परिषदों में हालिया घटनाक्रमों का हवाला देते हुए भाजपा पर और गंभीर आरोप लगाए हैं। अकोट नगर परिषद में भाजपा पर एआईएमआईएम के साथ 'खुली शादी' करने का आरोप लगाया गया है। वहीं अंबरनाथ नगर परिषद में भाजपा द्वारा एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को कमजोर करने के लिए कांग्रेस के साथ हाथ मिलाने की बात कही गई है। सार्वजनिक आलोचना बढ़ने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन गठबंधनों से दूरी बनाते हुए इसमें शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही, जिसे संपादकीय में ÷ट्रिपल तलाक÷ करार दिया गया। हालांकि ठाकरे गुट का कहना है कि भाजपा की साख को जो नुकसान पहुंचा है, उसकी भरपाई अब संभव नहीं है और महाराष्ट्र में उसकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक बार गई प्रतिष्ठा टंकी भर पानी से भी वापस नहीं लाई जा सकती।

# सात माह बाद पिता लालू से मिले तेज प्रताप यादव, दही-चूड़ा भोज के लिए आमंत्रित किया

**-लैंड फॉर जॉब मामले में पेशी पर पहुंचा था पूरा परिवार दिल्ली**

**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के परिवार में शुक्रवार को महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। सात माह बाद उनके बेटे तेज प्रताप यादव ने दिल्ली में अपने पिता लालू यादव से मुलाकात की। यह मुलाकात तब हुई जब तेज प्रताप यादव दिल्ली में राउज एवेन्यू कोर्ट में लैंड फॉर जॉब मामले में पेशी पर पहुंचे थे। मामले में उनके साथ-साथ उनके पिता और परिवार के अन्य सदस्य भी कोर्ट में मौजूद थे। पिता लालू से मुलाकात के बाद तेज प्रताप यादव ने बताया कि उन्होंने अपने पिता से आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही, उन्होंने मकर संक्रांति के मौके पर दही-चूड़ा भोज में आमंत्रित किया। तेज प्रताप ने विश्वास जताया कि उनके पिता इस भोज में जरूर शामिल हो सकते है। इस मुलाकात में उनके छोटे भाई तेजस्वी यादव शामिल नहीं हुए। बताया गया कि जब तेज प्रताप मीसा भारती के घर पहुंचे, तब तेजस्वी कहीं बाहर चले गए थे। हालांकि, कोर्ट में दोनों भाई एक-दूसरे से मिले थे, लेकिन बातचीत नहीं हुई। तेज प्रताप ने कहा कि वे लैंड फॉर जॉब मामले में लड़ाई जारी रखने वाले हैं, और उन्हें भी सीबीआई ने अभियुक्त बनाया है। वहीं, तेजस्वी यादव ने एक जनवरी को अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया था और मकर संक्रांति के दिन आयोजित होने वाले भोज में कई एनडीए नेताओं को भी न्यौता दिया है। इस बीच, परिवार के सदस्यों के बीच राजनीतिक और पारिवारिक संबंधों को लेकर कई अटकलें भी लगाई जा रही हैं, लेकिन इस मुलाकात से एक चीज स्पष्ट हो गई है कि पिता और बेटे के बीच का रिश्ता अब भी मजबूत है, भले ही दोनों के राजनीतिक दृष्टिकोण में अंतर हो।




# माघ मेले में इटली से आई पर्यटक ने भारत को बताया जादुई देश

**-यहां के लोग और संस्कृति हैं खास, दस दिन की भारत यात्रा पर है लुक्रेजिया**

**प्रयागराज (एजेंसी)।** यूपी के प्रयागराज में माघ मेला चल रहा है। इसी बीच मेले में इटली से आई एक महिला पर्यटक लुक्रेजिया ने भारत को जादुई देश बताया है। उसने बताया कि यह उसकी तीसरी भारत यात्रा है और हर बार का अनुभव पहले से ज्यादा खास है। लुक्रेजिया ने कहा कि वह अपने पिता के साथ दुनियाभर में यात्रा करती है, लेकिन भारत उसके दिल में एक खास जगह रखता है। उसने कहा कि भारत एक जादुई जगह है। यहां के लोग, खाना, संस्कृति सब कुछ खास है। यही वजह है कि हम बार-बार यहां आते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लुक्रेजिया ने अपनी भारत यात्राओं का जिक्र करते हुए बताया कि वह पहली बार 2024 में भारत आई थीं। इसके बाद वह 2025 में महाकुंभ में आई और अब 2026 में माघ मेले में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंची। लुक्रेजिया ने कहा कि प्रयागराज के बाद मैं वाराणसी जाने की योजना बना रही हैं। लुक्रेजिया इस समय 10 दिनों की भारत यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने अपने आध्यात्मिक गुरु से जुड़ाव और उनसे मिली सीखों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि मेरे गुरु मुझे दया, करुणा और अनावश्यक चीजों को छोड़ना सिखाते हैं। वे कहते हैं कि खुद को स्वीकार करना सबसे बड़ी सीख है। मुझे उनका जीवन जीने का तरीका बहुत पसंद है। माघ मेले के पहले शाही स्नान में विभिन्न सनातन परंपराओं के संतों और महात्माओं ने हिस्सा लिया। 44 दिनों तक चलने वाला माघ मेला 3 जनवरी को पौष पूर्णिमा के पावन स्नान के साथ त्रिवेणी संगम पर शुरू हुआ था। इस दौरान छह प्रमुख स्नान पर्व होंगे और मेला 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान के साथ खत्म होगा। रिपोर्ट के मुताबिक अब तक लाखों श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इस वर्ष प्रमुख स्नान तिथियों में 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 जनवरी को बसंत पंचमी, 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि शामिल हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शहर और मेला क्षेत्र में 1,500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। आधुनिक उपकरण, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, वॉच टावर और सक्रिय जल पुलिस के जरिए भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित की गई है।



## भीलवाड़ा पुलिस ने सोपुरा क्षेत्र में बजरी माफिया के खिलाफ की बड़ी कार्यवाही

# बनास बचाओ आंदोलन या अवैध दोहन का बहाना?

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



जिले में अवैध बजरी खनन और इसके अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देशन में पुलिस का 'पुष्पा स्टाइल' में अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने सोपुरा क्षेत्र में बनास नदी में अवैध खनन करने वालों पर एक और बड़ी कार्यवाही की है।

सीओ सदर आईपीएस माधव उपाध्याय के नेतृत्व में डीएसटी टीम ने सोपुरा क्षेत्र के करेड़ और भाकलिया के बीच बनास नदी के पेटे में दबिश दी। टीम की इस त्वरित कार्रवाई में बजरी माफियाओं ने हड़कप मच गया। टीम ने अवैध रूप से बजरी भरते और परिवहन करते 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मौके से जब्त किया गया है।

### आंदोलन की आड़ में अवैध धंधा?

गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व इसी सोपुरा क्षेत्र में सोपुरा के तथाकथित लोगों द्वारा बजरी लीज धारकों पर जानलेवा हमला किया गया था, जिसमें करीब 9 से 10 जने घायल हुए थे। उस समय इसे 'बनास बचाओ आंदोलन' का नाम दिया गया था। लेकिन डीएसटी टीम की इस कार्रवाई ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए है. क्या लीज धारकों पर हमला कर उन्हें भगाना केवल अवैध खनन का रास्ता साफ करने की साजिश थी? क्या 'बनास बचाओ' के नारे की आड़ में बजरी माफिया स्वयं सक्रिय है? आईपीएस माधव उपाध्याय ने स्पष्ट किया है कि कानून हाथ में लेने वालों और अवैध खनन में शामिल अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### ये थे टीम में

आईपीएस आयुष श्रोत्रिय, डीएसटी हेड कांस्टेबल बंटी डायर, शंभू सिंह, कुलदीप, ओमप्रकाश, हरि ओम, महेश और दिव्यांश। पुलिस अब इस मामले में शामिल बजरी माफियाओं की तलाश कर रही है और बनास नदी क्षेत्र में निगरानी और कड़ी कर दी गई है।

## सवाईपुर चौकी पुलिस की तत्परता से टली बड़ी घटना, साढ़े छः लाख भरे बैंग की अदला-बदली

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** शुक्रवार रात्रि को सवाईपुर चौकी पुलिस की तत्परता के चलते उसे समय एक बड़ी घटना होने से चल गई, जब लोक परिवहन की बस में से साढ़े छः लाख रुपए से भरे एक बैंग की अदला-बदली होने से हड़कंप मच गया, लेकिन सवाईपुर चौकी पुलिस ने समय रहते मामले की जांच करते हुए बैंग को अपने कब्जे में लिया । कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बताया कि संयम जैन पिता शान्तिलाल जैन निवासी भीलवाड़ा ने रिपोर्ट दी कि शुक्रवार सायं को वह त्रिवेणी चौराहा से मेरी लोभचन्द्र दैवेन्द्र कुमार दुकान से बैग लेकर लोक परिवहन की बस से भीलवाड़ा जाने के लिए बैठा था, और बैंग को सीट के ऊपर सामान रखने के लगेज रैक में रखा । रास्ते में सवाईपुर में कोटड़ी चौराहा से पहले बैग मेरे पास था, जिसको कोटड़ी चौराहा से आगें देखा तो बैंग नहीं दिखा, बैग में करीब साढ़े छः लाख रूपयें थे । जिसको कोई व्यक्ति ले गया, इसकी सूचना सवाईपुर चौकी पुलिस को दी, पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा, पुलिस ने मामले की जानकारी लेते हुए, बस चालक, परिचालक व यात्रियों से पूछताछ की, वहीं आसपास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालें, जांच में पता चला की कोटड़ी चौराहे पर तीन चालक परिचालक बस से उतरे, बस में मिले दुसरे बैंग में मिली एक पर्ची से गाड़ी के मालिक से बात करने पर पता चला की, उनके चालक कर्मचारी कोटड़ी जाने के लिए निकले, पुलिस ने मालिक से चालक के नम्बर लेकर बात की, इस पर चालक ने बैंग खोलकर देखा तो उसमें पैसे थे । चालक छगन भील निवासी फतेहगढ़ गलती से अपना बैंग समझकर बैंग साथ ले गया और उसका बैंग बस में रह गया, इस कार्रवाई में कांस्टेबल रवि कुमार का विशेष योगदान रहा । इस पर छगनलाल ने भी अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए, बैग वापस कर दिया । पुलिस ने प्रार्थी को बैग सुरक्षित वापस लौटाया और राहत की सास की । इस कार्रवाई में रजनीश कुमार, रवि कुमार ( विशेष योगदान ), मुकेश कुमार, श्रवण कुमार, संदीप कुमार शामिल रहे।

## रायला थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर किया जब्त

### माइनिंग विभाग ने लगाया लाखों का जुर्माना

स्मार्ट हलचल



**रायला।** रायला थाना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए बजरी से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया है। रायला थानाधिकारी मूलचंद वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम हेतु यह कार्रवाई की गई।

थानाधिकारी वर्मा के अनुसार पुलिस द्वारा जब्त किए गए बजरी से भरे ट्रैक्टर पर माइनिंग विभाग की टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये का जुर्माना लगाया है। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है तथा आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## दौसा पुलिस ने एक करोड़ की अवैध शराब पकड़ी

### एक्सप्रेसवे पर ट्रक में चावल के कट्टों में छिपा रखी थी अंग्रेजी शराब, पंजाब से मुंबई ले जा रहे थे

स्मार्ट हलचल | दौसा





पुलिस ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर अवैध शराब तस्करी पर बड़ा एक्शन लिया है। डीएसटी और बांदीकुई थाना टीम ने शराब से भरे ट्रक को पकड़ा है। पकड़ी गई अवैध शराब पंजाब के पठानकोट से मुंबई ले जाई जा रही थी, लेकिन उससे पहले ही दौसा पुलिस ने एक्सप्रेसवे पर उसे पकड़ लिया। पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सागर राणा के निर्देश पर बांदीकुई थाना इंचार्ज जहीर अब्बास और डीएसटी के प्रदीप राव व लोकेश शर्मा सहित उनकी टीम द्वारा बीती देर रात एक्सप्रेसवे पर चावल के कट्टों की आड़ में अवैध शराब की तस्करी करते एक ट्रक को पकड़ा। पुलिस द्वारा ट्रक की तलाशी ली गई तो ट्रक के ऊपर और पीछे की तरफ चावल के कट्टे थे और नीचे शराब की 1070 पेटियां भरी हुई मिली। इस पर पुलिस ने बाड़मेर के सदर थाना क्षेत्र निवासी दिनेश भाम्भू को गिरफ्तार किया है। 3 अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब मिली

ड्राइवर से पूछताछ में सामने आया कि वह पंजाब के पठानकोट से शराब मुंबई लेकर जा रहा था। पुलिस ने ट्रक को दौसा सदर थाने में खाली करवाया, जिसमें तीन अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब के एक हजार से अधिक कार्टन मिले है। पकड़ी गई अवैध शराब की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी गई है। अब पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि अवैध रूप से शराब तस्करी के इस गिरोह से कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं, जिनकी जानकारी जुटाकर कार्रवाई की जा सके।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बीगोद स्थानीय भगवान झूलेलाल मंदिर में हिन्दू सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर चर्चा की गयी।


आयोजन कर्ता हिंदू समाज उपस्थत रहा।इस अवसर पर कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया ।

बताया गया है कि 17 जनवरी को रात्रि सुन्दर कांड पाठ का आयोजन बस स्टैंड पर होगा।18 जनवरी को हिंदू सम्मेलन होगा । हिन्दू सम्मेलन से पूर्व शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मौजेश्वर महादेव मन्दिर से शुरू होगी जो भेरूनाथ मन्दिर पहुंच कर धर्म सभा में परिवर्तित होगी और वहाँ पर सम्मेलन होगा। उसके पश्चात महा प्रसादी का आयोजन होगा। हिंदू सम्मेलन को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जुटे हुए हैं।

## घटिया सीवरेज लाइन पर फिर उठे सवाल, पहले भी हो चुका है घटिया कार्य

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा






शहर के संजय कॉलोनी निवासी नंदलाल माली ने क्षेत्र में शुक्रवार को डाली जा रही सीवरेज पाइपलाइन को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। माली ने कहा कि इसी क्षेत्र में पूर्व में भी घटिया सीवरेज लाइन डाली गई थी, जो कुछ ही समय में खराब हो गई। बार-बार जाम और लीकेज की समस्या के चलते अब दोबारा पाइपलाइन डाली जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में हुए घटिया कार्य पर न तो ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने इससे सबक लिया। नतीजा यह है कि अब फिर से उसी तरह की घटिया पाइपलाइन डाली जा रही है, जिससे सरकारी धन की बर्बादी के साथ-साथ आम लोगों को बार-बार परेशानी झेलनी पड़ रही है।

नंदलाल माली ने कहा कि अगर पहली बार में ही गुणवत्ता का ध्यान रखा जाता तो आज दोबारा सड़कें तोड़कर सीवरेज लाइन डालने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने मांग की कि इस बार तकनीकी जांच कर गुणवत्ता पूर्ण सामग्री से कार्य कराया जाए, साथ ही पूर्व में हुए घटिया निर्माण की भी जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। कॉलोनीवासियों का कहना है कि विकास के नाम पर बार-बार प्रयोग कर जनता के पैसे की बर्बादी की जा रही है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## भारिण्डा बावड़ी खेड़ा के मध्य आम रास्ता खराब, ग्रामीणों में रोष

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** भारिण्डा बावड़ी खेड़ा में आम रास्ते की दयनीय स्थिति ने ग्रामीणों और राहगीरों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। सड़क की खराब हालत के कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे वाहन चलाना खतरनाक हो गया है।

### समस्या का कारण

बारिश के मौसम में आम रास्ता बिलकुल क्षतिग्रस्त हो चूका है।

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाई जाए, ताकि लोगों को आवागमन में आसानी हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की खराब हालत के कारण न केवल उन्हें परेशानी हो रही है, बल्कि बाहर से आने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रशासन की जिम्मेदारी

अब देखना यह है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाता है। क्या जल्द ही सड़क की मरम्मत करवाई जाएगी या ग्रामीणों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा? फिलहाल, ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और वे जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।

## राजस्थान प्रतियोगिता में भाग लेने पर शिवम त्रिपाठी को मिस्टर राजस्थान भी घोषित किया गया

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** श्री मुनिकुलब्रह्मचर्य आश्रम वेद संस्थान बरुंदनी में सेवारत सामवेद कौतम शाखा के आचार्य नीलांबर त्रिपाठी के सुपुत्र शिवम त्रिपाठी को जोधपुर में राजा प्रोडक्शन की तरफ से दिनांक 6 व 7 जनवरी 2026 को आयोजित इंडियाज टैलेंट किंग एंड क्वीन प्रतियोगिता में इंडियाज टैलेंट किंग विनर घोषित किया तथा मिस्टर एंड मिसेज राजस्थान प्रतियोगिता में भाग लेने पर शिवम त्रिपाठी को मिस्टर राजस्थान भी घोषित किया गया और विजय चिन्ह प्रदान किया गया । यह श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम वेद संस्थान बरूंदनी भीलवाड़ा जिले के लिए बहुत ही गौरव का विषय है । शिवम त्रिपाठी के चयन के बाद जब अपने भीलवाड़ा स्थित आवास पर आए तो भीलवाड़ा के युवको ने गर्मजोशी से रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया गया उसके बाद उनकी कॉलोनी के सभी निवासियों में गौरव का विषय मानते हुए शिवम त्रिपाठी का स्वागत जुलूस निकाला और फूल माला पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया।

## पवन बडोला को मिला प्रशासक का चार्ज

स्मार्ट हलचल | करेडा



करेडा ग्राम पंचातय के पद पर शनिवार को निवर्तमान उपसरपंच पवन बडोला को प्रशासन बाद का ग्राम विकास अधिकारी सरजीत यादव ने चार्ज दिया गया जानकारी के अनुसार करेड़ा ग्राम पंचायत के प्रशासक पुष्पा टांक को 31 दिसम्बर को प्रशासन पद से हटाने के बाद शनिवार को पवन बडोला को प्रशासन पद का चार्ज दिया गया इस दौरान पूर्व सरपंच भेरूलाल लोहार सम्पत कोठारी शंकर सुथार मदन माली कमलेश लुहार राधेश्याम जीनगर अनिल मेहता मुबारिक हुसैन योगेश सोनी रतन सरगरा राजेंद्र आचार्य विजय गोखरु गोपाल लाल सेन सहित ग्रामीण उपस्थित थे विदित रहे कि 5 माह पूर्व पंचायत राज विभाग द्वारा प्रशासक पुष्पा टांक को निलंबित किया गया था। जिसके बाद उपसरपंच पवन बडौला को प्रशासक बनाया गया मगर बडोला को चार्ज देने से पूर्व ही उन्हे भी निलंबित किया गयाऔर फिर गोपाल कृष्ण महात्मा को प्रशासक पद पर नियुक्ति दी गई। मगर टांक और बडोला ने अपने निलंबन को गलत बताते हुए हाई कोर्ट में रिट दायर कि जिस पर दोनो को हाई कोर्ट से स्थगन मिला इसके बाद हाई कोर्ट के दखल के बाद टांक और बडोला को प्रशासक समिति सदस्य कि सदस्या दिलाई गई और पुष्पा टांक को प्रशासक पद पर नियुक्ति दी गई इसके बाद पुन पुष्पा टांक को हटाया गया और शनिवार को पवन बडोला को प्रशासन बनाया गया। बडौला के प्रशासक बनते ही उनके समर्थकों में खुशी छा ग ई। और बस स्टैंड पर आतिशबाज़ी करते हुए जूलूस निकाला जहा बडौला का जगह जगह साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान पूर्व सरपंच भैरु लाल लौहार, कमलेश लौहार, अनिल मेहता, रतन सरगरा, सुशील मेहता, शकरं लाल सुथार, सम्पत कोठारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा ही हमारे जीवन की रक्षा है और हम भी इससे ही सुरक्षित है: तिवारी



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा' का अर्थ है कि सड़क पर सुरक्षित रहने के नियम अपनाऐं, जीवन बचाने जितना ही महत्वपूर्ण है। क्योंकि लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाएं जानलेवा हो सकती हैं, इसके लिए ट्रैफिक नियमों (सिग्नल, गति सीमा), हेलमेट/सीटबेल्ट, और जागरूकता (शराब पीकर गाड़ी ना चलाना, फोन से बचना) का पालन करना आवश्यक है, ताकि हर कोई सुरक्षित रहे। वाहन चालक हमेशा सीट बेल्ट और हेलमेट पहनें और इसे अपनी आदत में डालें। हेलमेट सड़क दुर्घटना से तो हमें सुरक्षित करता ही है, सर्दी गर्मी बरसात में अपने सिर का बचाव करता है। जबकि कार में हमेशा सीट बेल्ट लगाएं। गति सीमा का हमेशा ध्यान रखें। निर्धारित गति सीमा के भीतर ही वाहन चलाएं, जल्दबाजी कभी ना करें। नशे में वाहन चलाना जानलेवा है और कानूनन दंडनीय है। उक्त बात आज गुलमंडी बालिका विद्यालय में राजस्थान पत्रकार परिषद द्वारा सड़क सुरक्षा माह पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन विभाग के अनिल तिवारी (इंस्पेक्टर) ने गुलमंडी बालिका विद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। तिवारी ने कहा की ड्राइविंग के दौरान फोन का इस्तेमाल ना करें, यह ध्यान भटकाता है। जबकि यातायात विभाग के घेवरचंद ने बताया की ट्रैफिक संकेतों का हमेंशा पालन करना चाहिए। लाल बत्ती पर रुकना चाहिए और हरी पर चलना चाहिए। ट्रैफिक सिग्नल पर आगे और पीछे के वाहनों से उचित दूरी बनाए रखना चाहिए। इसके साथ ही हमारी आंखें और दिमाग हमेशा सड़क पर होने चाहिए। लेन बदलते समय हमेशा इंडिकेटर देंकर अपनी लेन बदलें। जबकि परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने अपने संबोधन में कहा की हाईवे हो या शहर की सड़कें आपातकालीन सेवाओं में एंबुलेंस व फायर के वाहनों को निकलने रास्ता पहले दें और अपनी मानवियता का परिचय दें। ड्राइविंग के समय सतर्क और सावधान रहें। अंत में सभी छात्राओं को यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई गई। संचालन रानी बत्रा ने किया। कार्यक्रम में शालाप्रधान सुनीता जीनगर, यातायात विभाग के रामपाल साल्वी, भीमगंज थाने के कृष्णपाल जबकि परिषद के राजकुमार गोयल, बालगोविंद व्यास, सुनीता शर्मा मौजूद रही।

# भीलवाड़ा जिले के अलग-अलग थानों में कार्रवाई, बीएनएसएस, एनडीपीएस, एमएमडीआर सहित गंभीर धाराओं में गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने सघन कार्रवाई करते हुए शांति भंग के मामलों में 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिले के विभिन्न पुलिस थानों में धारा 126-170 बीएनएसएस के तहत की गई। वहीं अलग-अलग प्रकरणों में 07 वांछित आरोपियों को भी पुलिस ने धरदबोचा है।

### शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार आरोपी:

पुलिस थाना सुभाषनगर पर राजेश पिता रामचन्द्र मीणा (36) निवासी आदर्श नगर व आशिफ पिता इन्साफ खान पठान (23) निवासी रोशन नगर को गिरफ्तार किया गया।

प्रतापनगर थाना क्षेत्र से जिगर सांसी पिता कालूराम सांसी (30) निवासी लक्ष्मीनगर कॉलोनी को हिरासत में लिया गया।

मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में नरेन्द्र पिता तुलसीराम जाट (27) निवासी नया गांव बिगोद तथा प्रभुलाल पिता हीरालाल धाकड़ (38) निवासी कल्याणपुरा को गिरफ्तार किया गया।

कोटड़ी थाना क्षेत्र से कालू बागरिया पिता हजारीलाल (35) व भैरूलाल बागरिया पिता हजारीलाल (43) निवासी चांदखेड़ी को पकड़ा गया।

जहाजपुर थाना क्षेत्र में बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए सोराज सिंह पिता छोटूराम मीणा (55), अशोक पिता सोराज सिंह मीणा



(28), दीनदयाल पिता सुखपाल मीणा (25), मनीष मीणा पिता जगदीश मीणा (28), गणपत पिता सकराम मीणा (70), कैलाश पिता रामनारायण मीणा (38), शैतान सिंह पिता गणपत मीणा (38) तथा सागर सिंह पिता गणपत मीणा (45) को गिरफ्तार किया गया।

शक्करगढ़ थाना क्षेत्र में इन्द्रराज पिता भोजाराम मीणा (27), किशनलाल पिता छोटूलाल मीणा (36), सौराज सिंह पिता छोटूलाल मीणा (30) व लेखराज पिता छोटूलाल मीणा (34) निवासी बांकरा को गिरफ्तार किया गया।

फुलियाकलां थाना क्षेत्र से रतनलाल पिता छीतर कीर (55) निवासी सरदारपुरा तथा बागोर थाना क्षेत्र से मदन पिता बालूलाल लुहार (51) निवासी मालीखेड़ा को पकड़ा गया।

### विभिन्न प्रकरणों में गिरफ्तार वांछित आरोपी:

पुलिस थाना सुभाषनगर ने धोखाधड़ी के मामले में मुकेश चीपड़ पिता भोपालसिंह चीपड़ (48) निवासी मोतीनगर को धारा 406, 420 आईपीसी में गिरफ्तार किया।

सदर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत राजुदास पुत्र बालकदास दादूपंथी (25) निवासी जोजरो का खेड़ा को पकड़ा।

बिजौलिया थाना क्षेत्र में किशनसिंह पिता अर्जुनसिंह राजपूत (25) निवासी चांदजी की खेड़ी को आरएनसी एक्ट में गिरफ्तार किया गया।

शम्भूगढ़ थाना क्षेत्र में शेरू मोहम्मद पिता शकुर मोहम्मद (32) निवासी गुदा का खेड़ा व सांवरलाल गुर्जर पिता श्रवणलाल (39) निवासी भीमलत को बीएनएस 2023 व एमएमडीआर एक्ट में गिरफ्तार किया गया।

शाहपुरा थाना पुलिस ने रामदेव पिता भैरू भील (34) निवासी रूपपुरा तथा पुर थाना पुलिस ने सुरजमल पिता मोहनलाल कुमावत निवासी खोडीप थाना निकुम्भ जिला चितोडगढ़ को गिरफ्तार किया ।

# मनरेगा बचाओ संग्राम, कांग्रेस देहात का 45 दिन का आंदोलन शुरू, 12 को रखेंगे उपवास- पूर्व मंत्री जाट

## चौपालों में बताएंगे मोदी सरकार का नरेगा पर प्रहार, ब्लॉक व जिला स्तर पर देंगे धरना

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम और प्रावधानों में किए गए बदलावों के विरोध में कांग्रेस ने 45 दिवसीय आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। इस आंदोलन को मनरेगा बचाओ संग्राम नाम दिया गया है। इसके तहत कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। शनिवार को भीलवाड़ा में देहात कांग्रेस की ओर से पत्रकार वार्ता सर्किट हाउस में हुई, जहां देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलना मुख्य मुद्दा नहीं है, बल्कि इसकी मूल भावना को कमजोर किया जाना सबसे बड़ी चिंता है। उन्होंने आरोप लगाया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय दिया गया काम का अधिकार अब धीरे-धीरे समाप्त किया जा रहा है। भाजपा



की केंद्र सरकार मनरेगा योजना को कमजोर कर गरीब और मजदूर वर्ग की आजीविका पर सीधा हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर चुप नहीं बैठेगी और जनता के बीच जाकर सरकार की नीतियों का विरोध करेगी। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह 45 दिवसीय अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। अभियान की शुरुआत 10 जनवरी को सभी जिलों में पत्रकार वार्ताओं से हुई है। 12 जनवरी को उपवास रखा जाएगा, इसके बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर चौपालों पर मनरेगा को लेकर चर्चा करेंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। अभियान के अंतिम चरण में जनसभाओं का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस नेता जाट ने केंद्र सरकार पर मनरेगा योजना की मूल भावना को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र अगर मनरेगा का नाम बदलना चाहता है तो यह उसका अधिकार हो सकता है, लेकिन योजना की नीति और मंशा में किया गया पूर्ण बदलाव किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। जाट ने कहा कि मौजूदा बदलावों से मनरेगा की आत्मा ही बदल दी गई है और नई नीतियों का उद्देश्य गरीबों को राहत देना नहीं बल्कि उनकी रोजी-रोटी पर चोट करना है। जाट ने कहा कि यह वही मजदूर वर्ग है जिसने अपने पसीने से देश को खड़ा किया है। सड़कों, खेतों, कारखानों और ऊंची इमारतों से लेकर छोटे औजारों और बड़े जहाजों तक, हर निर्माण में मजदूरों की मेहनत शामिल है। इसके बावजूद आज सबसे ज्यादा हमले उसी मेहनतकश वर्ग पर किए जा रहे हैं, जो देश की नींव है। उन्होंने मनरेगा की फंडिंग का 40 फीसदी बोझ राज्यों पर डालने के फैसले का भी कड़ा विरोध किया। जाट ने इसे पूरी तरह से गैर वाजिब और संघवाद विरोधी कदम बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि पहले से सीमित संसाधनों से जूझ रहे राज्य सरकारें इस अतिरिक्त बोझ को कैसे उठाएंगी। उनके अनुसार यह संघीय ढांचे पर सीधा हमला है और कल्याणकारी योजनाओं को कमजोर करने की साजिश है। जाट ने केंद्र सरकार से मांग की कि मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए और गरीब विरोधी बदलाव तुरंत वापस लिए जाएं। उन्होंने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को पूरे प्रदेश में और तेज किया जाएगा। जाट ने साफ चेतावनी दी कि जब तक केंद्र सरकार मजदूर विरोधी नीतियां वापस नहीं लेती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। नाम बदलने के मुद्दे पर जाट ने कहा कि केवल नाम बदलना समस्या नहीं है, लेकिन राम जी के नाम का उपयोग इस तरह के बदलावों के लिए करना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर वास्तव में राम जी के नाम पर गरीबों और मजदूरों के हित में बदलाव किए जाते तो सभी इसके लिए तैयार होते, लेकिन मौजूदा फैसले उस भावना के विपरीत हैं। इस मौके पर प्रशांत बैरवा, अक्षय त्रिपाठी, कैलाश व्यास, ओम प्रकाश नराणीवाल, दुर्गेश शर्मा, महेश सोनी, शंकर गाडरी, ओमप्रकाश भडाणा, यशवंत कोडवानी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भारतीय शास्त्रीय भजन संध्या 14 को

### संगीत नाटक अकादमी उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से पुरस्कृत समर्थ जानवे की शास्त्रीय गायन भजन प्रस्तुति 14 को

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



मकर संक्रांति के पावन दिवस पर गुलाब बाग आरएमवी रोड स्थित अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान परिसर हरियाली रेस्टोरेंट में 14 जनवरी को शाम 5 बजे भारतीय शास्त्रीय गायन भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि सिंफनी मिनिटोरियम के संस्थापक एवं निदेशक रमेश प्रजापत होंगे। अध्यक्षता संस्थान के संरक्षक सुरेश चंद्र अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि सुव्रत अग्रवाल होंगे। संस्थान के निदेशक विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस भारतीय शास्त्रीय संगीत भजन संध्या में उदयपुर शहर के संगीत नाटक अकादमी उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित युवा गायक समर्थ जानवे अपनी प्रस्तुति देंगे । इनके साथ तबले पर संगत शहर के युवा कलाकार नवीन राव करेंगे और हारमोनियम पर दुष्यंत चारण संगत करेंगे। इस कार्यक्रम मे शहर वासियों शास्त्रीय संगीत और भजन के इच्छुक संगीत प्रेमियों का प्रवेश निशुल्क रहेगा। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकगण भी उपस्थित होंगे। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मकर संक्रांति के पावन दिवस पर संगीत प्रेमियों को शास्त्रीय भजनों से लाभान्वित करना है। यह जानकारी संस्थान की सहनिदेशिका एवं कोरियोग्राफर निकिता अग्रवाल ने दी।

### फ्लावर शो भीलवाड़ा 2026 का भव्य उद्घाटन पूज्य संतो के द्वारा हुआ

# फ्लावर शो अध्यात्म एवं पर्यावरण का अनूठा संगम- महंत मोहन शरण पर्यावरण संरक्षण हेतु हर घर पौधे लगाना आवश्यक - संत दास महाराज

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा शहर के अजमेरी पुलिया के पास स्थित एमटीएम सोसाइटी में आयोजित फ्लावर शो 2026 का भव्य उद्घाटन आज धार्मिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में पूज्य संतों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। अध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि शुभारंभ निंबार्क आश्रम के महंत मोहन शरण जी शास्त्री महाराज, हाथी भाटा आश्रम के महंत संतदास जी महाराज एवं हरिसेवा उदासीन आश्रम के संत गोविंदराम जी महाराज के करकमलों से मोली बंधन खोलकर किया गया। इस अवसर पर संतों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर आयोजन की सफलता की कामना की।



प्रदर्शनी में 25,000 से अधिक रंग-बिरंगे एवं खुशबूदार पौधे लगाए गए हैं, जिनमें 30 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। मीडिया प्रभारी कैलाश सोनी, पंकज मिश्रा ने बताया कि रंग बिरंगे मनमोहक फ़ूलों से बने 15 से अधिक आर्टिकल आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं, 15 फिट ऊंचा इसरो रॉकेट आईफोन मोबाइल, चाय की केतली कप,चीटियां ,पर्स ,कैप ,3 ईडियट्स कुर्सी,छोटा भीम, ढोल गिटार सारंगी, डक परिवार बोट पुर की उड़न छतरी, डांसिंग मोर, फ्रूट, मटकी डांस डॉल, घड़ी, मंदिर एवं रोपवे पर फूलों की अद्भुत सजावट, प्राकृतिक रंगों और सुगंध ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा।

कार्यक्रम में भीलवाड़ा शहर के 7 विद्यालयों द्वारा तैयार की गई प्राकृतिक फूलों की रंगोली/प्रदर्शनी ने भी विशेष ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को दर्शाती यह प्रदर्शनी दर्शकों द्वारा खूब सराही जा रही है।

सचिव प्रियंका सोमानी ने बताया कि, कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन का भी विशेष इंतजाम किया गया है। आज शाम जयपुर से आने वाले ड्रीमर्स रॉक स्टार बैंड अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

फ्लावर शो 2026 न केवल फूलों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक मूल्यों का भी सुंदर संदेश दे रहा है।, कार्यक्रम में, राजकुमार बंब, राकेश तिवारी, रजनी कांत आचार्य, सुनील तलसेरा, चंद्रवीर सिंह, मुकेश चेचानी, भूपेंद्र सिंह राणावत, अशोक मांहेश्वरी, नवरत्न, अमन सोनी, बाल किशन, हितेष तिवारी, रेखा कोठारी, कुसुम कोगटा आदि उपस्थित थे।

# नाममात्र राशि में भोजन उपलब्ध कराना केवल सेवा नहीं, बल्कि स्वाभिमान की मिसाल है: अभिनेत्री मंदाकिनी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीमती मंदाकिनी ने भीलवाड़ा प्रवास के दौरान गजाधर मानसिंह धर्मशाला में संचालित 'स्वाभिमान भोज रसोई' का अवलोकन किया, जहाँ मात्र 1 में भरपेट एवं सम्मानजनक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इस अनूठी सामाजिक पहल को देखकर अभिनेत्री मंदाकिनी भावविभोर हो गईं। इस अवसर पर अभिनेत्री मंदाकिनी ने जरूरतमंद लोगों को टोकन बांटे और स्वयं काउंटर पर थाली परोसने का सामाजिक सेवा का कार्य में योगदान दिया अपने दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि 'आज के समय में 1 जैसी नाममात्र राशि में भोजन उपलब्ध कराना केवल सेवा नहीं, बल्कि स्वाभिमान की मिसाल है। देश में इतनी कम राशि में इस





स्तर की सुविधा कहीं देखने को नहीं मिलती। ऐसा पुनीत और प्रेरणादायक कार्य केवल भीलवाड़ा के भामाशाह ही कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने इस सेवा में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले उद्योगपति एवं समाजसेवी रिजु झुनझुनवाला के योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी एवं एलएनजे ग्रुप के ओएसडी रजनीश वर्मा ने अभिनेत्री का स्वागत एवं सम्मान किया तथा जवाहर फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अभिनेत्री मंदाकिनी के आगमन पर गजाधर मानसिंहका धर्मशाला के संचालक ट्रस्टी जगदीश मानसिंहका ने अपने साथियों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर को और भी यादगार बनाते हुए उद्योगपति एवं समाजसेवी रिजु झुनझुनवाला के जन्मदिवस की पूर्ण संध्या पर केक काटकर सभी ने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में आरएसडब्ल्यूएम के सीएसआर मैनेजर वैभव जोशी, विशिष्ट अतिथि टीयूवी राईनलैंड के लोकेंद्र पंड्या, लायंस क्लब टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा के सहयोगी प्रकाश जोशी एवं राकेश मानसिंहका, मोहम्मद हारून रंगरेज, मधु लोढ़ा, पूर्वांचल समिति की सदस्य शिल्पी सिंह, रामवती, राज ऋषि सुनील झा, सत्यम झा, दीपिका मेहरा, रसोई संचालिका रजिया बानो तथा वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानमल खटीक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थतजनों ने स्वाभिमान भोज जैसी जनसेवी पहल को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए इसके विस्तार की कामना की।

# सेवा कार्यो के लिए चित्रांशी सेवा फाउंडेशन को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** नीमच स्थित गोमाबाई नेत्रालय द्वारा शनिवार को मध्यप्रदेश व राजस्थान के अलग अलग स्थानों पर नेत्र चिकित्सा शिविर लगाकर सेवा करने वालो का सम्मान समारोह आयोजन रखा गया।

इस कार्यक्रम में चित्तौड़गढ़ जिले में सेवा में अग्रणीय संस्थान चित्रांशी सेवा फाउंडेशन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

फाउंडर ज्ञानेश्वर पूरी गोस्वामी ने बताया कि संस्थान द्वारा घटियावली सहीत आसपास के गांवों में गोमाबाई नेत्रालय नीमच के सहयोग से दृष्टिबाधित व्यक्तियों के नेत्र परीक्षण एवं उपचार, ऑपरेशन हेतु निशुल्क नेत्र शिवर आयोजित किये गए, जिस पर संस्थान के सेवाकार्यों को देखते



हुए गोमाबाई नेत्रालय द्वारा शिविर आयोजक सम्मान समारोह में फाउंडर ज्ञानेश्वर पूरी गोस्वामी, ओम जैन शंभूपुरा, दुर्गेश कुमार लक्षकार, प्रशांत कुमार, राजेन्द्र सुराणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में गोमाबाई नेत्रालय के सीईओ सुब्रमण्यम, मुख्य चिकित्साधिकारी राजेन्द्र शर्मा सहित गोमाबाई नेत्रालय टीम सहित नीमच, मंदसौर, प्रतापगढ़, चितौड़गढ़, भीलवाड़ा, बून्दी, अजमेर सहित कई जिलों की समाजसेवी संस्थाओ के प्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहें।

# प्रदेश स्तरीय चेतावनी महारैली के लिए सम्□पर्क अभियान तेज किया

स्मार्ट हलचल | बूंदी

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से लगातार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी एवं उत्पीड़न के विरोध में सोमवार दिनांक 12 जनवरी 26 को जयपुर में चेतावनी महारैली का आयोजन किया जाएगा। महारेली को सफ़ल बनाने के लिए जिला अध्यक्ष सत्यवान शर्मा की अध्यक्षता में जिले के सभी संवर्ग के कर्मचारियों की बैठक निजी रिसोर्ट में आयोजित की गई। संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने सभी सदस्यों को आह्वान किया कि 12 जनवरी 2026 को चेतावनी महारैली में सभी कर्मचारी शामिल हो। प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ एवं कृषि पर्यवेक्षक संघ को भी एक-एक बस व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दी है। अन्य संगठन भी बसों की व्यवस्था कर रहे हैं। जिले से 1000 कर्मचारी चेतावनी महारैली कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष रामप्रसाद गोचर,संयुक्त महासंघ उपाध्यक्ष विष्णु श्रंगी,सयुंक्त महासंघ उपाध्यक्ष कैलाश मेघवाल,ब्लॉक बून्दी ग्राम



विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष रामकैलाश ,ब्लॉक नैनवां ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष बाबूलाल कारपेन्टर,ब्लॉक हिण्डोली अध्यक्ष छोटूलाल लोघा,मोहन शर्मा,कुलदीप,दीपक,अक्षय ,राहुल आदि पदाधिकारी तथा विभिन्न संवर्ग कर्मचारी उपस्थित रहे सभी ने एकजुटता से संयुक्त महासंघ की चेतावनी महा रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। संयुक्त महासंघ जिलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा ने बताया कि महासंघ द्वारा कर्मचारियों के लिए सात (7 )संकल्प निर्धारित किए है। 7 संकल्पों को पूरा करवाने के लिए अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ द्वारा चेतावनी महारैली का आयोजन किया जाएगा।

7 संकल्प : (1) पदोन्नति विसंगति दूर करवाना एवं 8,16, 24 एवं 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान लागू करवाना (2). वेतन विसंगति दूर करवाना एवं केंद्र के पे लेवल के समान वेतनमान स्वीकृत करवाना।(3) . पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा सुनिश्चित करवाना ।(4). संविदा एवं मानदेय कार्मिकों का नियमितीकरण करवाना (5). पारदर्शी स्थानांतरण नीति जारी करवाना एवं तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करवाना .(6) विभिन्न विभागों, निगम एवं बोर्ड को समाप्त कर किया जा रहे निजीकरण को बंद करवाना (7) . कर्मचारियों के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

# गोविंद नगर उच्च माध्यमिक विद्यालय में 45 बालिकाओं को मिली निशुल्क साइकिलें



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** राज्य सरकार की बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत गुरुवार को गोविंद नगर उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत 45 बालिकाओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। साइकिल मिलने से छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला और विद्यालय परिसर खुशी से गूंज उठा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक मीणा, प्रदेश महामंत्री एसटी मोर्चा रहे। वहीं रामलाल टटवाडिया, महामंत्री भाजपा कोटा शहर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर गिरिराज महावर, पूर्व पार्षद राजेंद्र सिंह हाडा, बाबूलाल मीणा, सोहन मीणा एवं मोहनलाल वर्मा भी मौजूद रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी और बालिकाएं आत्मनिर्भर बनेंगी।

विद्यालय की प्रधानाचार्य पार्वती गुर्जर ने सभी बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षा के प्रति निरंतर जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं एवं अभिभावकों ने राज्य सरकार और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जीतो लेडिज विंग द्वारा घर से उड़ान एक कदम नारी आत्मनिर्भरता की और कार्यक्रम आयोजित

### महिला उद्यमियों द्वारा किया विभिन्न तरह की स्टॉल्स के माध्यम से अपने कार्य कौशल का प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जीतो भीलवाड़ा चेप्टर लेडीज विंग द्वारा सहधार्मिक सेवा के माध्यम से नारी आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने के लक्ष्य से विशेष प्रेरणादायक कार्यक्रम घर से उड़ान का आयोजन किया गया। लेडिज प्रोजेक्ट के वर्तिकल्स उड़ान बी2बी (नाश्ता गली) के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन 10 जनवरी शनिवार को चौधरी/डांगी जीतो हाउस परिसर में किया गया। जीतो लेडिज विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल ने कार्यक्रम में मौजूद सभी सफल महिला उद्यमियों का तथा पधारे सभी विंग के सदस्यों का स्वागत





एवं अभिनंदन किया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य को संक्षेप में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि महिलाओं को घरेलू स्तर पर उपलब्ध कौशलों के माध्यम से व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करना तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ही इस प्रोजेक्ट का मुख्य लक्ष्य है। इस अवसर पर प्रतिभागियों को न्यूनतम निवेश में व्यवसाय शुरू करने, व्यवसाय योजना, मूल्य निर्धारण, लाभ प्रबंधन, ब्रांडेड, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रदान की गईं। लेडीज विंग की मुख्य सचिव अर्चना पाटोदी द्वारा सभी सफल महिला उद्यमियों की जानकारी के साथ उन्होने व्यवसायिक नवाचार एवं उन्नयन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए, जिससे उपस्थित महिलाओं को प्रेरणा एवं आत्मविश्वास प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को डिजिटल टूल्स, सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के उपयोग के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। इस आयोजन के माध्यम से महिला सदस्यों के बीच आपसी सहयोग, नेटवर्किंग मजबूत करने और नए व्यावसायिक अवसरों के लिए प्रोत्साहन मिला। इस कार्यक्रम मे महिला उद्यमियों द्वारा विभिन्न तरह की स्टॉल्स के माध्यम से भी अपने कार्य कौशल का प्रदर्शन किया गया। इन स्टॉल के रूप में प्रिया डूंगरवाल की बैलेंस्ड बाइट्स, पूनम जैन (श्री नाकोड़ा एजेंसी) (किट, खाखरे), भव्या कांकरिया का कनिंग -केक्स एवं कुकीज़, पायल मेहंदी आर्ट, हस्तनिर्मित राखी एवं आर्ट क्रॉफ्ट, होम डेकोरेशन,गिर नेचुरल, मोनिका मारू का मेड़तिया स्वीट फ़ूड आइटम डॉली जैन का अर्री क्रिएक्शन सिद्धि बाबेल का सिद्धि क्रिएशन आदि का सहयोग प्राप्त हुआ। महिला उद्यमियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जीतो लेडीज़ विंग का यह प्रयास नारी सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम की पहल है।

इस अवसर पर इवैंट कन्वीनर सुमन लोढ़ा, को-कन्वीनर लाड मेहता, अनुराधा चौधरी, सुमन दुग्गड़, अमिता बाबेल, सपना तातेड़, रजनी सिंघवी, वनिता बाबेल, मनीषा खजांची, रश्मि लोढ़ा, मनीषा मेहता, मोनिका रांका, वाइब्स क्लब की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, पलक जैन, प्रिया जैन, प्रीति सुराणा, अनीता जैन, पूनम जैन, साक्षी जैन, पिंकी हिरणिया, किरण सेठी, शिल्पा गुरनानी, वनिता भाणावत, सिद्धि बाबेल, सुरुचि कोठारी, प्रियंका चौधरी, ज्योति आर्य, दीपा गुप्ता, भाव्या कांकरिया, सुमिता कांकरिया, ममता मारू, रिया लोढ़ा, निकिता चौधरी, ध्रूव गोखरू, चरत गोखरू आदि सदस्य उपस्थित रही।

# अभिनेत्री मंदाकिनी ने किया दुर्ग भ्रमण



**चित्तौड़गढ़।** बॉलीवुड में 90 के दशक की मशहूर अभिनेत्री मंदाकिनी शनिवार को चित्तौड़गढ़ दुर्ग का भ्रमण कर अभिभूत हुई। अभिनेत्री मंदाकिनी शनिवार 10 जनवरी को दोपहर में चित्तौड़गढ़ पहुंची। अल्प प्रवास के दौरान ऐतिहासिक पद्मिनी महल देखने की इच्छा जाहिर की। इस दौरान पूर्व पार्षद नवीन पटवारी, विजय चौहान, अशोक वैष्णव आदि ने अभिनेत्री का स्वागत किया तथा दुर्ग की संक्षिप्त जानकारी दी।

# काम बहुत, प्रचार कम, मंच से छलका विधायक का दर्द

## पंचायत चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को विधायक डॉ. बैरवा का साफ संदेश

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** शाहपुरा पंचायत समिति परिसर में शनिवार को आयोजित विधायक जनसुनवाई केंद्र के शिलान्यास समारोह ने महज एक विकास कार्य का रूप नहीं लिया, बल्कि यह आयोजन राजनीतिक आत्ममंथन और संगठनात्मक संदेश का मंच भी बन गया। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने वैदिक विधि-विधान के साथ शिला पूजन कर जनसुनवाई केंद्र के निर्माण की विधिवत शुरुआत की और इसके बाद आयोजित समारोह को संबोधित किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान गोपाल गुर्जर, पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी सहित भाजपा के अनेक मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने आयोजन को राजनीतिक दृष्टि से भी खास बना दिया। हालांकि नगर पालिका चेयरमेन रघुनंदन सोनी की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बना रहा है। अपने संबोधन में विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से अपने निवास स्थान पर बनाये गये केंद्र में नियमित रूप से जनसुनवाई करते आ रहे हैं। इस दौरान सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनी गईं और अनेक मामलों में त्वरित समाधान भी कराया गया। अब पंचायत समिति परिसर में स्थायी विधायक जनसुनवाई केंद्र के निर्माण से आम नागरिकों को एक सुलभ और भरोसेमंद मंच मिलेगा, जहां उनकी शिकायतें सुनी जाएंगी और संबंधित विभागों से समन्वय कर उनका शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करेगा।

इसके बाद विधायक का स्वर कुछ आत्ममंथन भरा नजर आया। उन्होंने दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों और सरकार से लाई गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जितनी तेजी से शाहपुरा के लिए काम हुए, उतनी ही तेजी से उनका प्रचार-प्रसार जनता तक नहीं हो पाया। उन्होंने मंच से कहा, 'माफ करना, यह हमारी कमी रही है। हम घंटों तक बैठकों और चर्चाओं में व्यस्त रहते हैं, लेकिन योजनाओं और कार्यों को जनता तक ठीक से नहीं पहुंचा पाए।' पंचायत चुनाव नजदीक होने का जिक्र करते हुए विधायक ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट और सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अब संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। 'सौगातें अगर घर-घर नहीं पहुंचेंगी, तो जनता को कैसे पता चलेगा कि हमने दो साल में क्या किया,' कहते हुए उन्होंने प्रचार और जनसंपर्क को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

विधायक ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आने वाले समय में शाहपुरा को एक विकसित, सुव्यवस्थित और आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में पहचान दिलाना उनका संकल्प है। इसके लिए सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केवल बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि गांव-ढाणियों और वार्डों में जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें।

समारोह के अंत में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि विकास कार्यों की सफलता सिर्फ बजट और योजनाओं से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी जनसंपर्क और संवाद से तय होती है। विधायक जनसुनवाई केंद्र का शिलान्यास जहां प्रशासनिक सुविधा की दिशा में एक अहम कदम है, वहीं मंच से दिया गया यह राजनीतिक संदेश आने वाले पंचायत चुनावों से पहले संगठन के लिए दिशा-सूचक भी माना जा रहा है।

# रेलवे स्टेशन पर जन औषधि केंद्र का शुभारंभ, कम कीमत पर मिलेंगी यात्रियों को दवा



स्मार्ट हलचल | सवाई माधोपुर

स्थानीय रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में शनिवार से जन औषधि केंद्र शुरू हो गया है। स्टेशन अधीक्षक लोकेंद्र कुमार मीना ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इसके साथ ही सफर के दौरान तबीयत बिगड़ने या अपनी नियमित दवाओं की खुराक भूल आने वाले यात्रियों को अब स्टेशन पर ही बाजार से कम कीमत पर ब्रांडेड क्वालिटी की जेनेरिक दवाएं मिल सकेंगी। यह केंद्र पिछले चार माह से बंद था जिसके कारण यात्री परेशान थे। केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत जन औषधि केंद्रों पर बाजार की तुलना में पचास से अस्सी प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं, सर्जिकल आइटम, सेनेटरी पैड व बच्चों तथा बड़ों के डायपर उपलब्ध कराए जाते हैं। सवाई माधोपुर में रेलवे स्टेशन सहित ट्रक यूनियन, आस्था सर्किल, अपेक्स सेविका हॉस्पिटल रोड, सदर बाजार सिटी तथा सामान्य चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केंद्रों का सफल संचालन किया जा रहा है। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक, मुख्य वाणिज्यिक निरीक्षक सहित गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित थे। इसके पूर्व केंद्र संचालक प्रणय शर्मा ने अतिथियों का माला, पट्टिका व साफा पहना कर स्वागत किया।

# गंगा विजन संस्थान नशा मुक्ति केंद्र की घटियावली में जागरूकता रैली आयोजित



स्मार्ट हलचल

**शंभूपुरा।** गंगा विजन संस्थान नशा मुक्ति केंद्र चितौड़गढ़ द्वारा ग्राम पंचायत घटियावली के राउमावि घटियावली में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली आयोजित निकाली गई।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित गंगा विजन संस्थान द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूक रैली का आयोजन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप निरीक्षक जितेन्द्र गढ़वाल व उपसरपंच एवं चित्रांशी सेवा फाउंडेशन के फाउंडर ज्ञानेश्वर पूरी गोस्वामी उपस्थित रहे।

इस दौरान संबोधित करते हुए गोस्वामी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। जो युवाओं, परिवार और समाज की जड़ों को खोखला बना रही है। नशे की लत में आकर कई परिवार उजड़ जाते हैं। नशा नाश की जड़ है, जो न केवल स्वास्थ्य को खत्म करता है बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी छिन्न-भिन्न करता है। यह अत्यंत दुःखद है कि युवाओं के बीच नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है। युवा देश का भविष्य हैं, उन्हें इस दलदल से बचाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है।

सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप नागर ने बताया कि नशा मुक्ति का अर्थ होता है किसी व्यक्ति या समाज को नशे से मुक्त करना, अर्थात नशे का सेवन करने से बचाव या उसकी नशा को दुर करने का प्रयास है।

# म्यूल बैंक खातो के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले फरार आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया

स्मार्ट हलचल



**भवानीमंडी।** म्युल बैंक खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर साईबर धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी राजा सिंह को भवानीमण्डी पुलिस ने इन्दौर से गिरफतार कर लिया है। इस प्रकरण में अब तक 9 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है ।

भवानीमंडी थाना अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि गत वर्ष 30 सितम्बर को तेजेन्द्रसिंह कानि. 1379 (साईबर नोडल थाना भवानीमण्डी) को म्युल खाता व पोस सिम अभियान के तहत एक गोपनीय सुचना प्राप्त हुई कि थाना ईलाके का निवासी 1. दिनेश 2. धीरेन्द्र स्वयं के बैंक खातो को म्यूल बैंक खातो के रूप में उपयोग कर उन म्युल बैंक खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर साईबर धोखाधड़ी करते है। टेक्नीकल विश्लेषण के आधार पर पाया गया कि दिनेश व उसके साथीयों ने मिलकर आमजन के साथ म्युल बैंक खातों के माध्यम से साईबर फ्राड कर लाभ प्राप्त करते है । इत्यादी घटना पर उक्त दोनो के खिलाफ अपराध धारा 318(4),316(2).61 (2) बीएनएस 2023 व धारा 66 डी आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था। जब जांच की गई तो एक-एक करके कई आरोपी सामने आए जिनमें से 9 आरोपितों को तो गिरफ्तार किया जा चुका है ।

गठित टीम द्वारा प्राप्त सुचना व तकनीकी विश्लेषण द्वारा साईबर अपराध में फरार चल रहे आरोपी राजा सिंह पुत्र श्री अमरजीत सिंह जाति पंजाबी उम्र 34 साल निवासी 36 शांति दीप कॉलोनी इंदौर पुलिस थाना एमआईजी जिला इंदौर (म.प्र.) से गिरफ्तार किया गया ।

### साइबर फ्रॉड के आरोपियों को पकड़ने के लिए गठित टीमः-

1. श्री प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमण्डी
2. श्री अखेराम हैड कानि. 178 पुलिस थाना भवानीमण्डी
3. श्री तेजेन्द्र सिह कानि 1379 पुलिस थाना भवानीमडी
4. श्री मदनलाल कानि. 1049 पुलिस थाना भवानीमंडी

# स्वर्गीय शिवपाल जांगिड़ की पुण्यतिथि पर गौसेवा और कम्बल वितरण



स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** स्थानीय श्री गुरु गोरखनाथ गौशाला में एडवोकेट सुनील जांगिड़ के पूज्य पिता स्वर्गीय शिवपाल जांगिड़ की तीसरी पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गौशाला में विशेष कार्यक्रम एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश महंत श्री कृष्ण नाथ जी महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय शिवपाल जांगिड़ का जीवन सेवा और सादगी का प्रतीक था, जिसकी प्रेरणा आज भी समाज को मिल रही है। इस स्मृति को चिरस्थाई बनाने हेतु सुनील जांगिड़ द्वारा गौशाला के विकास के लिए 11,000 रुपये की सहयोग राशि भी भेंट की गई।

### प्रमुख उपस्थित जनः

इस गरिमामयी कार्यक्रम में सरपंच मो. जाहिद कुरैशी, नेपु सिंह न्यांगली, महावीर पूनिया, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुशील राजपुरोहित, गौशाला अध्यक्ष नंदू सिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष पप्पू वालिया, संतलाल अग्रवाल, भीम सिंह वालिया और बलवान सिंह कारेला सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन कार्तिकेय राजपुरोहित ने किया। उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

# अवैध मिट्टी खनन व परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

स्मार्ट हलचल | बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणाने बताया की में जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन, अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब, जुआ-सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु सभी

थानाधिकारीयो को निर्देशित किया गया है । इसी क्रम में दिनांक 09.01.2026 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा एवं पुलिस उप अधीक्षक राजेश टेलर, वृत्ताधिकारी वृत्त तालेड़ा के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना तालेड़ा अरविंद भारद्वाज पु.नि. मय जाप्ता द्वारा अधिक्षण खनि. अभियन्ता वृत कोटा एवं खनि. अभियन्ता खण्ड द्वितीय के साथ संयुक्त निरीक्षण कार्यवाही की गई।

निरीक्षण के दौरान बल्लोप पुलिया के पास गोविन्दपुर बावड़ी, कोटा रोड स्थित रिस्टिक फार्म हाउस योजना कोटा में सड़क निर्माण कार्य में खनिज मुरम (लाल मिट्टी) का अवैध उपयोग पाया गया। मौके पर निर्माण सवेक्षक कोई भी प्रतिनिधी उपस्थित नही मिला ।

मौके पर फीताशुदा नाप में सड़क की कुल लंबाई लगभग 900 मीटर, चौड़ाई 10 मीटर एवं ऊँचाई 0.3 मीटर पाई गई। SP Gravit4 1.47 के अनुसार अवैध रूप से प्रयुक्त खनिज मुरम पर 40/- रुपये प्रति टन की दर से 10 गुना रॉयल्टी सहित कुल राशि 15,32,000/- राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमावली 2017 के नियम 56 व 60 के तहत पंचनामा बनाया गया। मोके पर उक्त स्थान पर किसी सडक निर्माण कार्य मे कोई मालिक, संवेदक, प्रतिनिधि ने खनिज मुरम को सम्बन्धित द्द्यह्लस्र आदि प्रस्तुत नही किया गया।

इस पर उक्त खनिज को अवैध मानते हुए जुर्माना राशि 15,32000/- रुपये मालिक योजना संवेदक से वसूल की जाकर अग्रीम कार्यवाही की जावेगी। साथ ही थाना क्षेत्र में कार्यरत फैक्ट्री मालिकों, रोड निर्माणकर्ताओं एवं अन्य निर्माणकर्ताओं से अपील है कि बिना वैध खनन अनुमति के मिट्टी, गिट्टी, पत्थर, बजरी अथवा अन्य खनिज पदार्थों का उपयोग न करें। अवैध खनन, परिवहन, भंडारण अथवा विक्रय करने वालों के विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकार की कार्यवाही भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

# छात्राओं ने थाने का किया विज़िट

स्मार्ट हलचल



**नाहरगढ़।** पब्लिक स्कूल नाहरगढ़ के बच्चों व बच्चियों को बुलाकर थाने का विजिट करवाया गया जिसमें मालखाना सभी ऑफिस व हथियारों के बारे में जानकारी दी गई ।कस्बे के एक निजी स्कूल में थानाधिकारी कमलसिंह ने बताया की शनिवार को नाहरगढ़ के बच्चों व बच्चियों को बुलाकर थाने का विजिट करवाया गया जिसमें मालखाना सभी ऑफिस व हथियारों के बारे में जानकारी दी गई।छात्राओं ने थाने का शैक्षिक भ्रमण किया। थानाधिकारी ने छात्राओं को थाने से संबंधित जानकारी दी। छात्राओं को थाने में मुकदमा दर्ज करने, रजिस्टर का रख रखाव, माल खाने की देखरेख समेत थाने पर होने वाली प्रक्रियाओं को समझाया। महिला हेल्प डेस्क से संबंधित जानकारी छात्राओं को दी। छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा के अनुसार पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका थाना प्रभारी ने जवाब देकर छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर कहा गया कि जरूरत पड़ने पर इनका प्रयोग करें पुलिस सहायता तुरंत आपके पास होगी। इस दौरान पुलिस थाने व निजी स्कूल का भी स्टाफ मौजूद रहा।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरूक

**चित्तौड़गढ़।** बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान के अंतर्गत जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में निरंतर जागरुकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक ओम प्रकाश तोषनीवाल ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा बाल विवाह जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि शुक्रवार को आरटीडीसी होटल में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में स्वास्थ्य विभाग, बाल अधिकारिता विभाग एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसरों को बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में जिला समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन नवीन किशोर काकड़दा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की प्रमुख धाराओं, दायित्वों एवं कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया।

# जयपुर लैंटर्न फेस्टिवल का जयपुर क्लब में हुआ भव्य उद्घाटन



स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** जयपुर शहर में रंग, रोशनी और उल्लास से भरपूर जयपुर लैंटर्न फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ जयपुर क्लब में किया गया। यह उत्सव एक सप्ताह तक चलेगा, जिसका मुख्य आयोजन 12 तारीख को जयपुर क्लब में और 14 जनवरी को पूरे शहर में मनाया जाएगा। उद्घाटन समारोह में जयपुर क्लब के अध्यक्ष, अजीत सक्सेना; मानद सचिव, हिमांशु सहगल, कोषाध्यक्ष, संजय पाबुवाल, संजीव लखीरा, राजीव त्रिहान एवं सुरेश कुमावत सहित कई अतिथि उपस्थित रहे। जयपुर लैंटर्न फेस्टिवल के संस्थापक, अरशद हुसैन ने इस अवसर पर सभी शहरवासियों से अपील की कि वे उत्सव के दौरान प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करें और अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। जयपुर लैंटर्न फेस्टिवल का उद्देश्य शहर में सकारात्मक ऊर्जा, सांस्कृतिक सौहार्द, सामूहिक उत्सव और आतिशबाज़ी से प्रदूषण कम करने की भावना को बढ़ावा देना है।

# राष्ट्रीय वॉलीबॉल में अरनेड की बेटी लेखिका शर्मा की ऐतिहासिक उड़ान

## आंध्रप्रदेश में अंडर-14 वर्ष छात्रा वर्ग में राजस्थान को दिलाया कांस्य पदक

स्मार्ट हलचल

**बड़ीसादड़ी।** जब सपनों में विश्वास की आग धधकती हो, संकल्प पर्वत की तरह अटल हो और मेहनत जीवन का अभिन्न अंग बन जाए—तो गांव की कच्ची पगडंडियों से भी राष्ट्रीय पटल पर इतिहास रचा जाता है। डूंगला उपखंड के अरनेड़ गांव की होनहार बेटी लेखिका शर्मा ने राष्ट्रीय वॉलीबॉल के विशाल मंच पर ठीक यही सच्चाई सिद्ध कर दिखाई। यह केवल एक पदक की जीत नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की बेटियों के अथाह संघर्ष, दृढ़ इच्छाशक्ति और अपार संभावनाओं की जीवंत गाथा है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरनेड़



राजस्थान टीम ने राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता अंडर 14 में कांस्य पदक विजेता रही। अरनेड़ की लेखिका शर्मा ट्रॉफी के साथ

की कक्षा दसवीं की मेधावी छात्रा लेखिका शर्मा, पिता किशन शर्मा (पुष्करना) की लाड़ली पुत्री है। बचपन से ही खेलों में रुचि रखने वाली लेखिका का चयन 69वीं राष्ट्रीय अंडर-14 विद्यालय छात्रा वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ, जो आंध्रप्रदेश के कडापा में 5 से 9 जनवरी, 2026 तक आयोजित हुई थी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में राजस्थान टीम ने दलाधीपति नेमीचंद कुमावत के नेतृत्व में, कोच हंसराज खोईवाल, टीम मैनेजर विमला देवी, ओम प्रकाश एवं महावीर के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल से ठीक पहले तमिलनाडु को सीधे सेटों में 3-0 से करारी शिकस्त देकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। यह उपलब्धि अंडर-14 वर्ष छात्रा वर्ग में राजस्थान के लिए मील का पत्थर साबित हुई, जो राज्य की खेल क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले गई

### मैदान पर साकार हुए वर्षों के सपने

प्रतियोगिता के दौरान लेखिका का हर स्मैश उसके कठोर अभ्यास की अमिट कहानी बयां करता रहा, तो हर डिफेंस में आत्मविश्वास की चमक चारों ओर बिखरती नजर आई। यह पदक न केवल एक खेल विजय है, बल्कि सीमित संसाधनों वाली ग्रामीण बेटी की संघर्षपूर्ण यात्रा, अदम्य जिजीविषा और कभी न झुकने वाली भावना का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि यह लेखिका का दूसरा राष्ट्रीय चयन है—पहले नेशनल में भी उन्होंने राज्य का प्रतिनिधित्व किया था, जो उनके अनुशासन, लगन और निरंतर मेहनत का जीता-जागता प्रमाण है।

### परिवार और गुरुओं का अटूट साथ

इस सफलता के पीछे पिता किशन शर्मा का मार्गदर्शन और त्याग सर्वोपरि रहा। स्वयं वॉलीबॉल के अनुभवी खिलाड़ी एवं अरनेड स्कूल में पंचायत शिक्षक के रूप में कार्यरत किशन शर्मा ने बेटी को बचपन से ही खेल की बारीकियां सिखाईं। किशन लेखिका को सुबह 5 बजे से अभ्यास करवाता था, चाहे बारिश हो या धूप। गांव की कच्ची जमीन पर घंटों प्रैक्टिस से ही यह दिन आया। अरनेड स्कूल के शारीरिक शिक्षक हुकमीचंद मेनारिया ने बताया कि लेखिका प्रारंभ से ही अनुशासित, मेहनती और लक्ष्यप्रति समर्पित रही। सीमित सुविधाओं के बावजूद उसका दैनिक 4 घंटे का अभ्यास आज फल दे रहा। लेखिका की इस उपलब्धि पर पूरा विद्यालय और गांव गौरवान्वित है। ब्लॉक स्तर से राज्य स्तर तक की यात्रा में लेखिका ने कई जिला-स्तरीय टूर्नामेंट जीते, जो उनकी प्रगति की सीढ़ियां बने

### क्षेत्र में खुशी की लहर, बधाईयों का सैलाब

लेखिका की इस ऐतिहासिक सफलता से अरनेड गांव सहित डूंगला उपखंड और पूरे चित्तौड़गढ़ जिले में हर्ष की लहर दौड़ गई। सहकारिता मंत्री गौतम दक ने कहा, 'ऐसी बेटियां राजस्थान का गौरव हैं जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार दशोरा, राजेंद्र कुमार शर्मा, सीबीईओ रमेशचंद्र पुरोहित, प्रधानाचार्य शान्ति लाल लक्षकार, शारीरिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा शिक्षक हीरालाल चंद्रावत, कुशल शर्मा, मदन शर्मा, ओंकार सिंह, नरेश पालीवाल, दिनेश सेन, ललित मेनारिया, सुरेश शर्मा, हरीश जोशी व रघुनाथ जाट सहित अनेक जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, खेलप्रेमी और ग्रामीणों ने बधाई दी हैं। ग्रामीण बेटी लेखिका शर्मा ने सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा किसी महानगर की बंधी नहीं होती—वह तो गांव की मिट्टी में ही पनपती है। विश्वास है कि यह स्वर्णिम बेटी भविष्य में स्वर्ण पदक जीतकर राजस्थान का परचम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लहराएगी। उनकी कहानी अनगिनत ग्रामीण बेटियों के सपनों को पंख देगी, जो साबित करेगी कि मेहनत और विश्वास से असंभव कुछ नहीं।

# यातायात नियमों की अवहेलना पर पुलिस ने बनाए वाहनों के चालान

**बेगूं।** उपखंड क्षेत्र की पारसोली पुलिस द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के चालान बनाकर उनसे चालान राशि वसूल की गई।

पारसोली थाना अधिकारी शिवराज राव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी, रावतभाटा एडिशनल एसपी भगवत सिंह हिंगड़, उप अधीक्षक अंजली सिंह के निर्देशानुसार शनिवार को नेशनल हाईवे नंबर 27 चित्तौड़गढ़-



कोटा राजमार्ग पर नाकाबंदी कर यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के चालान बनाकर जुर्माना वसूल किया गया।

# मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत जिला रविवार को कलेक्ट्रेट में स्थित गांधी प्रतिमा से शांतिपूर्ण आंदोलन के साथ होगी

स्मार्ट हलचल|बूंदी



मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत जिला रविवार को कलेक्ट्रेट में स्थित गांधी प्रतिमा से शांतिपूर्ण आंदोलन के साथ होगी। यह एक प्रेस कांफ्रेंस में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महावीर मीणा ने बताया। हम कार्यकर्ता गांव गांव जाकर इसके बारे में बताएंगे कि यह मोजूदा सरकार ने गरीबों को अपने काम के अधिकारों से वंचित करना चाहती है। कांग्रेस सरकार ने देशवासियों को कई अधिकार जनजीवन को सुरक्षित करने व आजीविका लेकर देश की जनता को दिये जिनमें राइट टू फूड, राइट टू इनफॉरमेशन, राइट टू हेल्थ, राइट टू एजुकेशन के साथ ही राइट टू वर्क जैसे अधिकार दियें। इसके साथ सबसे महत्वपूर्ण काम करने के अधिकार के रूप में मनरेगा अधिनियम दिया।

2005 व उससे पहलें देश के गरीब किसान, मजदूर व पिछडे ग्रामीण मजदूरी की तालाश में शहरों की ओर गांव छोड़कर पलायन कर रहे थे तों यूपीए सरकार की चेयरपर्सन सोनिया गांधी व तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. मनमाहेन सिंह ने काम के लिए पलायन की स्थिति को देखते हुए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना का कानून संसद में सभी राजनैतिक दलों की सर्वसहमति से पारित कर 7 सितम्बर 2005 को लागू किया। जिसमें प्रत्येक परिवार को 100 दिन का काम का अधिकार दिया गया। यह कांग्रेस सरकार का काम के अधिकार के रूप में एक कान्तिकारी कदम था जिसका फायदा खास तौर पर करोंडों ग्रामीण मजदूर, पिछडे, अति पिछड़ें और गरीब ग्रामीणों को हुआ। जिससे अनेक वर्षो से काम के लिए पलायन कर रहे लोगों को अपने ही गावों में अपनों के बीच व अपने परिवार के बीच रहकर काम करने का अधिकार मिला। जिससे उनकी आजीविका सुलभ होने से अपने बच्चें बच्चों को शिक्षित करने में भी सहायता मिली और ग्रामीणों का जीवन स्तर भी सुधरा।

भाजपा सरकार का शीर्ष नेतृत्व गोडसे की विचारधारा का पोषक होने से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से घृणा करता है इसलिए उनका नाम हटाकर उनका जो अपमान किया है उसकी हम निन्दा करते है, लेकिन भाजपा का शीर्ष नेतृत्व राम के नाम की योजना होने का झूठा प्रचार कर देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है जबकि इस योजना का नाम विकसित भारत गारन्टी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण है। इस योजना में राम के नाम का कोई उल्लेख नही है। वर्तमान के मौजूदा भारत सरकार के नेतृत्व ने काम के अधिकार की इस योजना को असफल कर बन्द करने की भावना से कई आर्थिक प्रावधानों मे परिर्वतन किया है। इस दौरान जिला प्रभारी प्रतिष्ठा यादव, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, केशोरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी, दी बूंदी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन एवं पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा सहित जिले के कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्य करता उपस्थित रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



स्मार्ट हलचल|सूरौठ

गांव जटनंगला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सीपीआर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉक्टर आशीष शर्मा, नर्सिंग अधिकारी धनराज अवस्थी एवं उनकी टीम ने सीपीआर का लाइव प्रशिक्षण देते हुए छात्रों एवं स्टाफ को इसके महत्व को समझाया तथा प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ शर्मा ने बताया की देश में अचानक हृदय गति रुकने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है तथा इस तरह की घटनाएं युवाओं में तेजी से बढ़ रही है। पूरे वर्ष में लगभग 7 लाख लोग इससे प्रभावित होते हैं और अधिकांशतः उचित इलाज न मिलने की वजह से उनकी मृत्यु हो जाती है।

मानव मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति रुक जाने पर कुछ ही समय में वह मृत हो जाता है। इस समय रक्त आपूर्ति बनाए रखने हेतु सीपीआर की आवश्यकता होती है।

सीपीआर देने से पूर्व यह सुनिश्चित करना आवश्यक होता है कि व्यक्ति चैतन्य नहीं है, उसकी सांस नहीं चल रही है तथा उसकी हृदय गति रुकी हुई है। यह सुनिश्चित करने के बाद बिना समय व्यतीत किये तुरंत सीपीआर देना शुरू करना चाहिए जिससे व्यक्ति की जान बचाने की संभावना तीन गुना बढ़ जाती है। इस अवसर पर सीपीआर को देने की उचित विधि इसके दौरान रखने वाली सावधानियां तथा सीपीआर के बाद की जाने वाली देखभाल के बारे में चर्चा की गई। विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ इस सत्र में भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुलश्रेष्ठ ने इस आयोजन का महत्व बताते हुए पूरी टीम का धन्यवाद किया।

# विधायक रामसहाय वर्मा ने उपजिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

**जयपुर/निवाई।** विधायक रामसहाय वर्मा ने शनिवार को राजकीय उपजिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन की कई लापरवाहियां मिली। अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश जैन सहित कई अन्य चिकित्सक मौजूद नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान लोंगो ने बताया की चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश जैन बिना किसी पूर्व सूचना या अनुमति के मुख्यालय से गायब रहते है। उनके साथ ही दांत रोग विशेषज्ञ सहित कई डॉक्टरर्स भी अपनी सीटों पर नहीं मिले। निरीक्षण के दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने हड्डी रोग विभाग, मेडिसिन, दंत चिकित्सा व इमरजेंसी वार्ड का अवलोकन किया। उन्होंने वहां भर्ती रोगियों से चर्चा कर अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल की अव्यवस्थाओं एवं स्टाफ की गैर-जिम्मेदारी को देखकर विधायक ने नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद स्टाफ को कार्यशैली में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए। विधायक रामसहाय वर्मा ने चिकित्सा प्रभारी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने की हिदायत दी। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य डॉक्टरो को क्वाटर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। सभी को आवश्यक सुख-सुविधाएं व समय पर उपचार मिलना सुनिश्चित करें। मरीजों की सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मेड़ता रोड में अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पालिका प्रशासन अलर्ट

## अतिक्रमणों पर की मार्किंग, अमित कच्ची और पक्के दोनों अतिक्रमणों को हटाएगी नगरपालिका

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** कस्बे में अतिक्रमण हटाने को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। कस्बे के सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा लंबे समय से चिन्हित किए गए अतिक्रमणों को अब हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है।

प्रशासन की ओर से पहले ही अतिक्रमणों की जगहों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इसी क्रम में 16 जनवरी को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर नगर पालिका और संबंधित विभागों की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

अतिक्रमण हटाने की सूचना मिलने के बाद कुछ अतिक्रमणकारी अधिशासी अधिकारी हरेंद्र चौधरी से मिले और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कच्चे निर्माणों के साथ-साथ पक्के निर्माणों को हटाने के संबंध में भी आग्रह किया। इस पर अधिशासी अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी अतिक्रमण को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कच्चा हो या पक्का।

हरेंद्र चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई कस्बे के सौंदर्यीकरण, आमजन की सुविधा और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यक है। प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त बनाना है। उन्होंने अतिक्रमणकारियों से अपील की कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा निर्धारित तिथि पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

प्रशासन की इस कार्रवाई से कस्बेवासियों में मिलीजुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, वहीं आम जनता उम्मीद जता रही है कि अतिक्रमण हटने से मेड़ता रोड का स्वरूप और व्यवस्था बेहतर होगी।

# पौष बड़ा प्रसादी महोत्सव का आयोजन




स्मार्ट हलचल

**जगतपुरा।** जगतपुरा रामनगरीया विस्तार जेवीयर कॉलोनी में बाबा श्याम प्रेमी राजेश स्वामी व पायलेट, गुर्जर, गौरव जैन, व अन्य श्याम प्रेमी की ओर से आयोजित पौष बड़ा प्रसादी कार्यक्रम शनिवार को बड़े हर्ष उल्लास के साथ संपन्न हुआ, श्याम प्रेमी राजेश स्वामी ने बताया की आराध्य इष्ट देव की कृपा से पौष बड़ा प्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहें, उनके सानिध्य में प्रसादी कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस दौरान हजारों लोगों ने पौष बड़ा प्रसादी ग्रहण की व बाबा श्याम के भजनों पर जमकर थिरके भक्त।

इस अवसर पर श्याम प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में श्याम भक्ति और प्रसाद वितरण का विशेष आयोजन किया गया था, जिससे सभी उपस्थित जन भावुक और आनंदित हुए।

# गांव मैंडी में 10 बीघा जमीन कराई मुक्त रिहायशी पाटोर पोश ध्वस्त किया

स्मार्ट हलचल



वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र के समीप गांव मैंडी में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जिला कलेक्टर और एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार अमर सिंह मीणा के नेतृत्व में नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में गठित संयुक्त राजस्व टीम ने यह अभियान चलाया गया। इस दौरान मैंडी में गैर मुसकिन चारागाह भूमि पर पिछले करीब पांच सालों से किए गए अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण के कारण लगभग 10 बीघा भूमि पर सरसों सहित अन्य फसल खड़ी थी, जिस पर कार्रवाई के दौरान हटाया गया। बताया गया है कि राधेश्याम पुत्र किशोरी ने लंबे समय से उक्त चारागाह भूमि पर रिहायशी पाटोर पोश का निर्माण कर कब्जा किया हुआ था।राजस्व विभाग की और से अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार नोटिस और सम्मन जारी किए गए, लेकिन अतिक्रमी द्वारा कब्जा नहीं छोड़ा गया। इसके बाद प्रशासन ने पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में सख्त कार्रवाई करते हुए पाटोर पोश को ध्वस्त कराया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। कार्यवाही के बाद मुक्त कराई गई चारागाह भूमि को नियमानुसार ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दिया गया। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों ने संतोष जताया और चारागाह भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# लाखेरी में गूंजा कबड्डी का रोमांच, 'एक जिला-एक खेल' प्रतिभा खोज में 150 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

स्मार्ट हलचल|बूंदी




जिले के लाखेरी (इंद्रगढ़) पंच गौरव योजना के अंतर्गत आयोजित 'एक जिला-एक खेल कबड्डी' प्रतिभा खोज ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर स्टेडियम, लाखेरी में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में इंद्रगढ़ ब्लॉक के 150 से अधिक बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर कबड्डी के प्रति अपना जोश, फुर्ती और खेल कौशल प्रदर्शित किया। पूरे आयोजन के दौरान इंडोर स्टेडियम कबड्डी के रोमांच से गूंजता रहा। खिलाड़ियों ने बेहतर खेल दिखाते हुए मुकाबलों को रोचक बना दिया।

प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईटीआई लाखेरी के प्राचार्य जे.पी. ठाकुर रहे।अध्यक्षता शारीरिक शिक्षक शमशेर सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि चिकित्सक डॉ. फैजल रहे।अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं शारीरिक दक्षता का विकास करते हैं। बालक वर्ग में आईटीआई लाखेरी अव्वल, बालिका वर्ग में गवर्मेंट आईटीई ने बाज़ी मारी और बालक वर्ग में टीम आईटीआई लाखेरी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर टीम लाखेरी खुर्द रही, जबकि टीम आरएसी लाखेरी ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में टीम गवर्मेंट आईटीई लाखेरी ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम आरएसी लाखेरी द्वितीय, जबकि टीम स्टेडियम लाखेरी तृतीय स्थान पर रही।

# घायलों की मदद पर दुआ के साथ मिलेगा इनाम

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में आमजन से समझाइश

स्मार्ट हलचल| बारां

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शनिवार को विभिन्न गांव-कस्बों में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गुड सेमेरेटन कार्यशाला आयोजित की गई, जिसके अंतर्गत समझाया गया कि डरो मत मदद करो। कोई एक्सीडेंट होने पर घायल को तुरंत अस्पताल पंहुचाएं। एम्बुलेंस को कॉल करें। मदद करें, जिम्मेदार नागरिक बनें। योजना में मददगार को दुआ के साथ इनाम भी मिलेगा।

प्रभारी अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा व जिला सड़क सुरक्षा समिति बारां के निर्देशन में आमजन से




सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए समझाइश की गई। लोगों को बताया गया कि जीवन रक्षा के लिए घायलों की मदद करने वाले नेक लोगों के लिए केंद्र सरकार ने गुड सेमेरिटन योजना शुरू की है, जो ऐसे मददगारों को 25 हजार रुपए का इनाम देती है और उन्हें कानूनी झंझट से बचाती है, जिससे लोग निडर होकर मदद कर सकें। इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन आवर (दुर्घटना के बाद का पहला महत्वपूर्ण घंटा) के भीतर अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना और उनकी जान बचाना है। मददगारों से पुलिस पूछताछ या अस्पताल में रुकने का दबाव नहीं डाला जाता और उन्हें गवाह बनने के लिए मजबूर नहीं किया जाता। अभियान में लोगों को डर के बिना मदद करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान बताया गया कि गुड सेमेरिटन वो है जो किसी मोटर वाहन दुर्घटना के बाद घायल की तत्काल मदद करता है। योजना के तहत लोगों को गोल्डन आवर के भीतर अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुंचाने, पुलिस को सूचना देने या अस्पताल ले जानकारी दी गई।

अभियान में सहायक प्रोग्रामर प्रमोद पांडे, सुरेश मीना और मनोज चौधरी ने बारां, बोहत, मांगरोल, रामगढ़, रेलावन, गरड़ा, केलवाडा, भंवरगढ़, किशनगंज प्राथमिक चिकित्सा केन्द्रों, पुलिस थानों, चौकियों एवं चौराहों पं गुड सेमेरेटन कार्यक्रम में यातायात नियमों, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ पंपलेट वितरण व समझाइश इत्यादि कार्य गए।

# आदिवासी यूनिवर्सिटी में 100 बेड का बनेगा हॉस्पिटल, भामाशाहों का होगा सम्मान

## गवर्निंग कमेटी बैठक में विश्वविद्यालय के विकास और सामाजिक विस्तार पर जोर

स्मार्ट हलचल|कोटा



अखिल भारतीय श्री मीणा समाज जिंक समिति की गवर्निंग कमेटी की बैठक समिति के सामुदायिक भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण मीणा ने की, जबकि यूनिवर्सिटी की चेयरपर्सन आर.डी. मीणा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और विश्वविद्यालय के विकास को लेकर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

बैठक में समिति के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के विकास, शोध और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सदस्यों ने कहा कि सभी को एकजुट होकर सकारात्मक दिशा में कार्य करना होगा और आपसी समन्वय ही संस्थान और समाज को मजबूत बनाएगा।

इस अवसर पर यूनिवर्सिटी संचालन, छात्रों के बेहतर विकास और सामुदायिक भवन के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

चेयरपर्सन आर.डी. मीणा ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में समाज और भामाशाहों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे तन-मन-धन से यूनिवर्सिटी के विकास और प्रचार-प्रसार में योगदान दें। उनका कहना था कि सहयोग और एकजुटता ही यूनिवर्सिटी को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि आदिवासी यूनिवर्सिटी कैंपस में वर्तमान में लगभग 1200 छात्र और छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए परिसर में 100 बेड का हॉस्पिटल बनाया जाएगा। यह हॉस्पिटल न केवल छात्रों के लिए, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएगा।

यूनिवर्सिटी में 124 छात्र-छात्राएं क्क्द्वष्ठ (शोध) कर रहे हैं, जो शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और प्रगति को बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा खेल और शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के विकास में योगदान देने वाले समाजसेवी और भामाशाहों का ब्लॉक स्तर पर सम्मान किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी घोषणा की कि सोशल मीडिया के माध्यम से विश्वविद्यालय का प्रचार-प्रसार और प्रवेश, पाठ्यक्रम तथा सुविधाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचाई जाएगी।

गवर्निंग कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। अंत में विश्वविद्यालय और समाज के हित में मिलकर कार्य करने और सामाजिक विकास तथा विश्वविद्यालय के विस्तार पर जोर देने का संकल्प लिया गया इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख भारत मारन पूर्व जिला प्रमुख रामचरण मीणा पूर्व जिला प्रमुख बूंदी महावीर मीणा पूर्व जिला प्रमुख कमला मीणा, पूर्व जिला प्रमुख मूलचंद मीणा श्योपुर एमपी मांगरोल प्रधान हंसराज मीणा हरि प्रकाश मीणा राधेश्याम मीणा बंशी लाल मीणा रिटायर्ड आईपीएस बालमुकुंद वर्मा पूर्व आईएएस सीआर मीना गिरिराज मीणा मांगीलाल मीणा पुष्प चंद मीणा शोभाग मीणा ख्यालीराम मीणा , झालावाड़ से बालचंद मीणा डॉक्टर हुकम चंद मीणा एडवोकेट प्रेमचंद मीणा ,राकेश मीणा पत्रकार सहित गवर्निंग कमेटी के मेंबर में उपस्थित थे।

# अभाविप ने किया युवा दिवस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन



**चित्तौड़गढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जयंती (युवा दिवस) के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों के पोस्टर विमोचन महाराणा प्रताप राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में किया गया।

नगर मंत्री अर्पित वैष्णव ने बताया कि युवा दिवस के उपलक्ष में 11 से 28 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें 11 जनवरी पूर्व संध्या पर दीपदान एवं रंगोली, 12 जनवरी को संगोष्ठी एव विवेकानन्द की शॉर्ट मूवी, सेवा कार्य, पाठ्यक्रम सामग्री वितरण, विवेकानन्द जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, ब्लड ग्रुप जांच शिविर, रंगोली प्रतियोगिता, पराक्रम दिवस कार्यक्रम, हल्दी घाटी गौरव यात्रा का आयोजन किया जायेगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर विभाग संयोजक कमल प्रजापत, सावन पटवा, उमेश नाथ नगर, आदित्य मेनारिया, लविश लक्षकार, प्रणीत चौरसिया, उज्जवल मेनारिया, अजय राज सिंह शक्तावत, संजय सेन, अमन लोट, प्रिंस, इशांत सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# करोड़ों की लागत से बन रहे कन्या महाविद्यालय में धांधली के आरोप, घटिया निर्माण सामग्री पर ग्रामीणों का आक्रोश

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर माने जा रहे राजकीय कन्या महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगने शुरू हो गए हैं। राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा की सौगात देने के उद्देश्य से स्वीकृत इस भवन का निर्माण पीडब्ल्यूडी की देखरेख में किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत करीब 4.5 करोड़ रुपए है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का शिलान्यास बीते 14 नवंबर को क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत द्वारा बड़े उत्साह के साथ किया गया था। शिलान्यास के समय यह लक्ष्य निर्धारित किया गया था कि यह भव्य



भवन आगामी 8 माह के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा, ताकि छात्राओं को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। हालांकि निर्माण कार्य शुरू होने के कुछ समय बाद ही ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि भवन निर्माण में सरकारी मानकों और निर्धारित तकमीने की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर प्रयुक्त की जा रही निर्माण सामग्री अत्यंत निम्न स्तर की है, जिससे भविष्य में भवन की मजबूती को लेकर संशय बना हुआ है। लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि करोड़ों रुपए के बजट के बावजूद निर्माण कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता का अभाव दिख रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहे इस निर्माण कार्य पर लगाम नहीं लगाई गई, तो क्षेत्र की बेटियों का भविष्य और सुरक्षा दोनों खतरे में पड़ सकते हैं। दूसरी ओर गुणवत्ता को लेकर उठ रहे इन सवालों के बीच सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता शेरसिंह मीणा ने विभाग का पक्ष रखते हुए स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में तकनीकी संतुलन बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। एईएन मीणा के अनुसार भवन की चिनाई के कार्य में वर्तमान में डस्ट का उपयोग किया जा रहा है, जबकि संरचना की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए कॉलम निर्माण में बनास की बजरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि पूरा निर्माण कार्य सरकारी तकमीने और गाइडलाइंस के अनुसार ही आगे बढ़ रहा है। प्रशासन और विभाग के इन दावों के बावजूद, जमीनी स्तर पर ग्रामीणों का असंतोष कम नहीं हो रहा है।

# डीआरएम ने सामुदायिक भवनों का किया गहन निरीक्षण

## रेल कर्मचारियों के कल्याण पर फोकस...




स्मार्ट हलचल

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ-साथ रेल कर्मचारियों एवं अधिकारियों के कल्याण को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने शुक्रवार 10 जनवरी 2026 को न्यू लोको कॉलोनी स्थित इन्द्रप्रस्थ सामुदायिक हाल, लहरतारा स्थित पूर्वोत्तर रेलवे अधिकारी क्लब तथा जीटी रोड स्थित वसुन्धरा सामुदायिक भवन का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह, मंडल विद्युत इंजीनियर दीपक यादव, सहायक मंडल नगर इंजीनियर ए.के. पाण्डेय सहित कई वरिष्ठ पर्यवेक्षक मौजूद रहे। डीआरएम ने इन्द्रप्रस्थ सामुदायिक हाल के निरीक्षण के दौरान उसके पुनरुद्धार, रख-रखाव और मेंटेनेंस से जुड़ी विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद लहरतारा स्थित पूर्वोत्तर रेलवे अधिकारी क्लब के निरीक्षण में उन्होंने पुराने भवन क्षेत्र को आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित करने, साफ-सफाई और सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के अंतिम चरण में जीटी रोड स्थित वसुन्धरा सामुदायिक भवन का जायजा लेते हुए डीआरएम ने रेल कर्मचारियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर नए भवन के निर्माण समेत अन्य सुविधाएं विकसित करने हेतु कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया। इस पूरे निरीक्षण को रेल कर्मचारियों के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार द्वारा मीडिया को दी गई।

## मेड़ता रोड में आवारा गवंश का बोलबाला

# आमजन पर हो रहा गोवंशों का हमला, हाकीम बेखबर



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** क्षेत्र में आवारा गोवंश का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सड़कों पर घूम रहे गोवंश के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे राहगीर और वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। अभी हाल ही में एक पागल गोवंश ने काफी लोगों को घायल कर दिया है जिसमें मुख्य रूप से घायल विनय महेश्वरी जिनको गोवंश ने गंभीर रूप से घायल किया है। विनय महेश्वरी के जबड़े के ऊपर 18 टांके आए हैं। इस प्रकार की घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

आरोप है कि इस गंभीर स्थिति के बावजूद स्थानीय गौशाला और नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं गौशाला सचिव ने गोपालकों पर गोवंश को खुला छोड़ने के आरोप लगाए हैं, जिससे समस्या और विकराल होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

# इटावा मैराथन को नुमाइश पंडाल से प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति आज करेंगे रवाना

स्मार्ट हलचल

**इटावा।** इटावा हेल्प डेस्क के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में क्लीन-ग्रीन एंड फिट इटावा के तहत इटावा मैराथन 2026 का आयोजन आज 11 जनवरी दिन रविवार को किया जा रहा है। इसे इटावा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति हरी झंडी दिखाकर नुमाइश पंडाल से रवाना करेंगे।

सिंचाई विभाग डाक बंगला में हेल्प डेस्क संस्थापक मयंक भदौरिया ने प्रेसवार्ता में कहा कि पिछले वर्ष की भांति शहर में इटावा मैराथन का आयोजन किया जा रहा है, मैराथन में शामिल होने के लिए अभी 1500 से अधिक लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि रविवार को दोपहर साढ़े 12 बजे रजिस्ट्रेशन वेरिफिकेशन होगा। छह किलोमीटर की मैराथन नुमाइश पंडाल



से शुरू होकर टिक्सी मंदिर, पचराहा, नौरंगाबाद चौराहा, चौगुर्जी, बलराम सिंह चौराहा, पक्का तालाब, नुमाइश चौराहा होते हुए पंडाल में पहुंचकर संपन्न होगी। इसके अलावा युवतियों व आमजन के लिए दो किलोमीटर की दौड़ रखी गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय के साथ विशेष स्थान प्राप्त करने वालों को ट्राफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। पुलिस विभाग से फोर्स के साथ ही स्वास्थ्य विभाग से एंबुलेंस व चिकित्सकों की टीम भी तैनात रहेगी। शुभ तिवारी, रितिक मौजू रहे।

**मयंक ने समाजसेवा की बदौलत बनाई पहचान**

इटावा में हेल्प डेस्क नाम से समाजसेवी संस्था का संचालन कर रहे मयंक भदौरिया इस समय काफी चर्चित है। मयंक भदोरिया ने कोरोना कॉल में लोगों को भोजन व राशन पहुंचाने उपलब्ध कराया था। इसके अलावा वह आज भी भ्रष्टाचार के प्रति मोर्चा खोले रहते हैं पीड़ितों को न्याय दिलाते हैं। उन्होंने इटावा जनपद में जगह-जगह दीवारों पर अपना मोबाइल नंबर सहायता के लिए लिखवा रखा है। इसके अलावा मयंक सर्दियों में लोगों को बचाव के लिए कपड़े व कम्बल उपलब्ध करा रहे हैं। मयंक सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और पीड़ितों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। अब तक दर्जनों रोगियों को इलाज के लिए मयंक सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर आर्थिक मदद उपलब्ध करा चुके है। जिले में मयंक भदौरिया की लगातार सक्रियता ने इटावा की राजनीतिक में हलचल पैदा कर दी है।

# नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन

**बेगूं।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पारसोली में शनिवार को नालसा डॉन (नशा जागरुकता एवं कल्याण नेविगेशन नशा मुक्त भारत) द्वारा युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक अंजली सिंह, प्रशिक्षु आरपीएस मनीष शर्मा, पारसोली थानाधिकारी शिवराज राव मौजूद रहे। प्रशिक्षु आरपीएस मनीष शर्मा, एवं पारसोली थाना अधिकारी शिवराज राव द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी।

# बलिया का रेलवे स्टेशन बनेगा सिटी सेंटर

## प्रीमियम ब्रांडेड परिधानों से सजेगा रेलवे स्टेशन..

स्मार्ट हलचल

**बलिया।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के अंतर्गत आने वाला बलिया रेलवे स्टेशन अब केवल यात्रियों के आने-जाने का स्थान नहीं रहेगा, बल्कि आधुनिक सुविधाओं और प्रीमियम खरीदारी का नया केंद्र बनने जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान के नेतृत्व में बलिया रेलवे स्टेशन पर प्रीमियम ब्रांडेड परिधानों का स्टोर खोलने की योजना तैयार की गई है। यह स्टोर यात्रियों को उन्नत सुख-सुविधाएं प्रदान करेगा, स्टेशन की सुंदरता बढ़ाएगा और बलिया स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

रेलवे बोर्ड की नई नीति के तहत



स्टेशनों पर प्रीमियम रिटेल स्पेस के आवंटन के लिए ई-नीलामी आयोजित की गई थी, जिसमें सफल बोलीदाता इमेज फैशन फॉरएवर को बलिया स्टेशन पर अपना स्टोर खोलने का अवसर मिला है। इमेज फैशन फॉरएवर एक प्रसिद्ध मल्टी-ब्रांड परिधान रिटेलर है, जो यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाले ब्रांडेड कपड़ों की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

भारतीय रेलवे में इससे पहले गुंटकल, सिकंदराबाद, बेंगलुरु और मैसूरु जैसे डिवीजनों में प्रीमियम स्टोर आवंटित किए जा चुके हैं, लेकिन पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के अंतर्गत बलिया रेलवे स्टेशन पर प्रीमियम स्टोर की शुरुआत देश के उत्तरी क्षेत्र में पहली बार हो रही है। इससे न केवल बलिया स्टेशन को नई पहचान मिलेगी, बल्कि यात्रियों को भी स्टेशन परिसर में ही प्रीमियम खरीदारी का अनुभव प्राप्त होगा। इस प्रीमियम स्टोर से पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल को लगभग 4.4 लाख रुपये का वार्षिक रेल राजस्व मिलने का अनुमान है। इससे रेलवे की आय में वृद्धि के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह सुविधा खास तौर पर उपयोगी साबित होगी।

उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बलिया रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। स्टेशन के बुनियादी ढांचे को आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। यात्री सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। प्रीमियम ब्रांडेड रिटेल आउटलेट की शुरुआत इसी क्रम में एक और अहम कड़ी है, जो स्टेशन को आधुनिक, आकर्षक और जीवंत नगरीय केंद्र में बदलने की दिशा में मील का पत्थर मानी जा रही है।

इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल यात्रियों के बेहतर अनुभव और रेलवे के राजस्व दोनों को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बलिया स्टेशन पर और भी नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी, जिससे यह स्टेशन एक आदर्श और आधुनिक रेलवे स्टेशन के रूप में उभरेगा।

# दूसरी को भोगने की चाहत में ही कानपुर में दफनाई गई रेशमा, प्रेमी समेत दो गये जेल, जारी अन्य की तलाश

स्मार्ट हलचल

कानपुर। 7 बच्चों की मां रेशमा को भोगकर उसका मन भर गया था। इसीलिए वह दूसरी युवती को जाल में फंसा कर अब उसके साथ अपनी रातें रंगीन करना चाहता था। उसने रेशमा सें कहा कि अब वह उसके भाई की पत्नी बन जाए लेकिन रेशमा राजी नहीं है।

अब जब पीछा छुडाने का कोई रास्ता नहीं बचा तो उसने जो योजना बनाई उसी के चलते वह रेशमा को सात फुट गहरे में दफन करने में सफल हो गया। लेकिन पाप तो सिर चढ़ कर बोलता है। - - -और फिर ऐसा ही हुआ जिसके फलस्वरूप ही 10 माह से छिपा राज बाहर आ गया। पुलिस ने रेशमा हत्या कांड का खुलासा करते हुए उसके प्रेमी और साथी को जेल भेज दिया। सजेती थाने के टिकवांपुर की इस घटना में पुलिस भूमिका के आधार पर कुछ



और लोगों को भी जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

लगभग पांच साल पहले सजेती थाने के गांव टिकवांपुर निवासी रामबाबू संखवार का निधन होने के चलते उसकी पत्नी सात बच्चों की मां 45 वर्षीय रेशमा पड़ोसी रामाबू के चचेरे भाई अविवाहित गोरेलाल संखवार के साथ रहने लगी थी।

इस बहुचर्चित रेशमा हत्याकांड का खुलासा तब हुआ, जब रेशमा अपने बेटे के बुलाने पर शादी में घर नहीं पहुंची। बेटा प्रेमी गोरे लाल के घर पहुंचा, तो मां नहीं मिली।

जब प्रेमी गोरेलाल से पूछा तो उसने कहा- तुम्हारी मां अब कभी नहीं आएगी। इसके बाद बेटे ने शक के आधार पर प्रेमी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रेमी को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने जुर्म कबूल कर लिया।

जिसके बाद एसीपी कृष्णकांत यादव ने फोर्स के साथ गांव पहुंच टावर के नीचे जमीन खोदवाई। टार्च की लाइट में 7 फीट गड्ढा खोदने पर बैठी हुई स्थिति में रेशमा का कंकाल बरामद हुआ। फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। प्रेमी ने पुलिस को बताया कि हत्या के बाद वह दो दिन तक लाश छिपाने की प्लानिंग करता रहा। जगह ढूंढता रहा। पहले नहर में फेंकने की प्लानिंग की, फिर शक हुआ कि शव उतराएगा तो पहचान हो जाएगी और पकड़ा जाएगा। इसके बाद जमीन में उसने 7 फीट गहरा गड्ढा खोदा और शव को दफना दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गोरेलाल के इस बीच एक अन्य महिला से भी संबंध हो गए थे। इसीलिए वह रेशमा को छोड़कर अब उसे भोगना चाहता था ,जिसमें रेशमा बाधक बन रही थी।

पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार प्रेमी गोरेलाल ने भी बताया कि मैं रेशमा के साथ नहीं रहना चाहता था। मैंने उससे कहा कि तुम मेरे भाई के साथ रिश्ते में रहो। इसका रेशमा ने विरोध किया, फिर रोज-रोज लड़ाई-झगड़ा करने लगीं। इससे छुटकारा पाने के लिए मैंने गला दबाकर रेशमा को मार डाला। इस मामले में अबतक दो को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद अन्य भूमिका के आधार पर उन्हें भी जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

# मुचेहरा में स्वर्गीय राम बहादुर मिश्रा की 92वीं पुण्यतिथि पर शिवपाल सिंह यादव ने जरूरतमंदों गरीबों को बांटे कंबल

## कई समाजसेवी व पत्रकारों को शिवपाल सिंह यादव ने किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**सैफई ( इटावा)।** मुचेहरा गांव में पूर्व प्रधान स्व0 राम बहादुर मिश्रा की 92वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र आलोक मिश्रा 'लालू' द्वारा जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधायक शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। शिवपाल सिंह यादव द्वारा लगभग 1200 गरीबों जरुरतमंद को कंबल वितरण किये गए।

कंबल वितरण का आयोजन आलोक मिश्रा 'लालू' द्वारा किया गया था। इस अवसर पर आलोक मिश्रा 'लालू', समाजसेवी देवेश पचौरी, विधायक प्रतिनिधि ठाकुर अजेन्द्र सिंह गौर, सपा जिला सचिव जितेंद्र यादव 'मोना', छात्र सभा जिला अध्यक्ष रवि विधायक, छात्र सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष खन्ना यादव, सैफई के प्रधान रामफल बाल्मीकि, सपा नेता हाकिम सिंह यादव, मानिक चंद यादव, संतोष शाक्य, अंजार अहमद, अंशुल मिश्रा, दीपक मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, सत्यवीर यादव सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिवपाल सिंह यादव का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान हंसराम राजपूत (कायमगंज) ने अपनी नर्सरी से 10 पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभा को संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा पत्रकारों को सम्मान दिया है और लोकतंत्र में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने स्वर्गीय राम बहादुर मिश्रा के सामाजिक एवं जनसेवी कार्यों की जमकर सराहना करते हुए



कहा कि वे नेताजी मुलायम सिंह यादव के अत्यंत करीबी थे और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नेताजी उनका विशेष सम्मान करते थे। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय कवि मयंक बिठौलिया ने किया।

इस अवसर पर शिवपाल सिंह यादव द्वारा पत्रकारों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें अमित मिश्रा, सुघर सिंह (सैफई), वी. सिंह यादव, कपिल यादव, आमीन मोहम्मद, मेघ सिंह वर्मा, मनोज कुमार, पंकज राठौर, आसिफ अली, रजनीश यादव, करन कठेरिया, ऋषिकांत दुबे (करहल), विवेक यादव (सैफई), वी.पी. सिंह यादव, अवनीश यादव, आशीष कुमार (जसवंतनगर), धर्मेंद्र कुमार सहित दो दर्जन पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

समाजसेवी आलोक मिश्रा 'लालू' व देवेश पचौरी को शिवपाल सिंह यादव ने बताया अपना पुत्र

मुचेहरा में कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधान स्व0 रामबहादुर मिश्रा को याद कर सपा के राष्ट्रीय महासचिव विधायक शिवपाल सिंह यादव भावुक हो गए उन्होंने स्व0 रामबहादुर मिश्रा के पुत्र समाजसेवी आलोक मिश्रा लालू व उनके साथी समाजसेवी देवेश पचौरी की भावना और सेवा कार्यों से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से भावुक वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के आयोजक आलोक मिश्रा 'लालू' एवं देवेश पचौरी की समाजसेवा की खुले मंच से प्रशंसा करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि ऐसे लोग ही समाज की असली ताकत होते हैं। उन्होंने कहा कि आज से 'मेरे तीन पुत्र हैं। एक पुत्र बदायूं से सांसद आदित्य यादव है, दूसरा पुत्र आलोक मिश्रा है और तीसरा पुत्र देवेश पचौरी है। आज से ये दोनों भी मेरे पुत्र हैं और मुझे इन पर बड़ा नाज़ है।' उन्होंने कहा कि देवेश पचौरी और आलोक मिश्रा 'लालू' द्वारा निरंतर किए जा रहे सामाजिक कार्य, गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा तथा मानवीय संवेदनाएं समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कंबल वितरण जैसे आयोजनों से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिलती है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भावना को भी बल मिलता है।


कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने शिवपाल सिंह यादव के इस स्नेहपूर्ण और आत्मीय संबोधन को ऐतिहासिक क्षण बताया। आयोजक आलोक मिश्रा 'लालू' और देवेश पचौरी ने भी इस सम्मान पर आभार जताते हुए कहा कि वे आगे भी समाजसेवा के कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करते रहेंगे।

# विद्या निकेतन का सप्तशक्ति संगम संवर्धिनी कार्यक्रम आयोजित




**चित्तौड़गढ़।** विद्या निकेतन उमावि गांधीनगर द्वारा मोहर मंगरी में सप्तशक्ति संगम संवर्धिनी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला सहसंयोजिका प्रेमलता महंत ने मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक महिला में सप्त शक्तियां अंतर्निहित होती है। उन्हें जगाना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। संस्कारवान बालक और श्रेष्ठ भावी पीढ़ी के निर्माण में मां की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमें देश और समाज के हित का चिंतन करने वाली युवा पीढ़ी का निर्माण करना है तथा पर्यावरण की सुरक्षा का दायित्व निभाना है। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए ललिता खंडेलवाल ने बताया कि विद्या भारती के द्वारा समाज की मातृ शक्ति को जागृत करने के लिए संपूर्ण देश में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में पंच परिवर्तन का संकल्प लिया है तथा बसंत पंचमी पर विद्यालय द्वारा आयोजित विद्यारंभ संस्कार के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में महारानी पद्मिनी संस्कार केंद्र तथा महाराणा प्रताप सरस्वती संस्कार केंद्र संचालिका रीना लोहार तथा विष्णु दीदी का सहयोग रहा। संचालन माया शर्मा ने किया। अतिथियों का स्वागत सम्मान निर्मला शर्मा, प्रीति व्यास ने किया। आभार ममता राठौड़ ने जताया।



श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा और जबरदस्त फैन फॉलोइंग वाली एक्ट्रेस मानी जाती हैं। यही नहीं वो इंडस्ट्री की मोस्ट डिजायरेबल बैचलर्स एक्ट्रेस में से भी एक हैं। राहुल मोदी के साथ कथित रिलेशनशिप की खबरों के बाद फैंस उनकी शादी का भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आखिर श्रद्धा ने एक फैन को जवाब देते हुए अपनी शादी पर चुप्पी तोड़ी है और शादी पर बात की है।

# राहुल मोदी से अफेयर की चर्चाओं के बीच श्रद्धा कपूर ने शादी की योजना पर दी प्रतिक्रिया

श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने ज्वेलरी ब्रांड का एक प्रमोशनल वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में अभिनेत्री यह बताती नजर आ रही हैं कि आंकड़े बताते हैं कि ज्यादातर ब्रेकअप वैलेंटाइन डे के आसपास होते हैं। फिर वह इसके पीछे के संभावित कारणों पर विचार करती हैं और शरारती अंदाज में कहती हैं कि लोग प्यार के इस मौसम में अकेले रहने से बचने के लिए उनके गिफ्ट बॉक्स खरीद सकते हैं। अपने वीडियो के कैप्शन में भी श्रद्धा ने फैंस से यही पूछा है, 'किस किसका ब्रेकअप वैलेंटाइन के करीब हुआ है?'

श्रद्धा कपूर के इस वीडियो पर कई लोगों ने अभिनेत्री से उनकी शादी को लेकर सवाल कर डाला। तो कुछ ने तो उन्हें अपना वैलेंटाइन बनने के लिए ही पूछ लिया। इसी क्रम में एक यूजर ने उनकी शादी की योजना को लेकर सवाल करते हुए, कमेंट में लिखा, 'श्रद्धा जी आप शादी कब करोगे?' ये कमेंट वायरल तब हो गया, जब श्रद्धा ने इस पर रिप्लाई करते हुए अपना जवाब दिया। एक्ट्रेस ने बिना झिझक जवाब देते हुए लिखा, 'मैं करूंगी, विवाह करूंगी।' श्रद्धा का ये जवाब अब सोशल मीडिया पर वायरल है और उनके जल्द ही शादी करने की खबरों को भी बल दे रहा है।

## राहुल मोदी के साथ जुड़ रहा श्रद्धा का नाम

श्रद्धा कपूर का नाम पिछले कुछ वक्त से राहुल मोदी के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों को कई मौकों पर साथ भी देखा गया है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते पर कभी कुछ नहीं बोला। श्रद्धा और राहुल के बीच डेटिंग की अफवाहें सबसे पहले 2024 की शुरुआत में मुंबई में डिनर डेट के बाद एक साथ देखे जाने से उठीं। श्रद्धा कभी-कभी इंस्टाग्राम पर उनकी मजेदार तस्वीरें पोस्ट करती रहती हैं। उनके अलग होने की अफवाहें भी उड़ी थीं, लेकिन श्रद्धा ने दिसंबर 2024 में इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ वड़ा पाव डेट की एक तस्वीर पोस्ट करके इन अफवाहों को खारिज कर दिया।



## श्रद्धा का वर्कफ्रंट

वर्कफ्रंट की बात करें तो श्रद्धा कपूर आखिरी बार 'स्त्री 2' में नजर आई थीं। वहीं श्रद्धा के आगामी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो इनमें ईथा, जो प्रसिद्ध मराठी लोक कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित एक बायोपिक ड्रामा है। इसके अलावा 'नागिन' और 'स्त्री 3' में भी श्रद्धा के होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, 'स्त्री 3' में अभी समय है।



# बॉर्डर 2 लिए के लिए सनी देओल ने सबसे ज्यादा फीस ली

2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2, 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह गणतंत्र दिवस के ठीक पहले आएगी। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी कास्ट और कहानी की वजह से काफी चर्चा में है। फिल्म के निर्माताओं ने कलाकारों की सैलरी का आधिकारिक खुलासा नहीं किया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सनी देओल सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कलाकार हैं। कथित तौर पर उन्होंने अपने रोल के लिए 50 करोड़ रुपये लिए हैं। सनी देओल तो पहली फिल्म में भी थे।

## वरुण और दिलजीत दोसांझ की फीस





सनी के अलावा वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ को भी अच्छी फीस मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वरुण धवन ने बॉर्डर 2 के लिए 8-10 करोड़ रुपये फीस ली है। वहीं दिलजीत दोसांझ ने 4-5 करोड़ रुपये लिए हैं।

मुख्य कलाकारों के अलावा सपोर्टिंग रोल में अहान शेट्टी, सोनम बाजवा, मोना सिंह और मेधा राणा हैं। उनकी सैलरी का सटीक आंकड़ा नहीं बताया गया, लेकिन कहा जा रहा है कि उन्होंने भी करोड़ों में अच्छी रकम ली।



# सलमान खान की अगली फिल्म राज एंड डीके के साथ

सलमान खान एक तरफ जहां अपनी फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर चर्चा में हैं वहीं अब उनके अगले प्रॉजेक्ट की खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि सलमान की द फैमिली मैन के लिए मशहूर फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके के साथ नए प्रॉजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है। द फैमिली मैन मेकर्स के साथ सलमान खान इन दिनों अपनी अगली फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर चर्चा में हैं। वहीं अब उन ताजा खबर ये है कि सलमान की द फैमिली मैन के लिए मशहूर फिल्म निर्माता जोड़ी राज और डीके के साथ नए प्रॉजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि जिस प्रॉजेक्ट पर उनकी बातचीत चल रही है वो एक एक्शन कॉमेडी फिल्म होगी। ये फिल्म सलमान की असल जिंदगी और उनकी जादुई पर्सनैलिटी से मैच खाएगी। सलमान खान ने राज और डीके के साथ इस प्रॉजेक्ट में काफी रुचि दिखाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान ने दोनों निर्माताओं से फिल्म का बेसिक आइडिया समझा है और इसमें रुचि दिखाई है। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म बताई जा रही है, लेकिन इसमें खान को एक अलग अंदाज में पेश किया जाएगा।

## मेकर्स 2026 के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकते हैं

हालांकि, रिपोर्ट ये भी है कि सलमान खान ने अभी तक इस प्रोजेक्ट को फाइनल हां नहीं कहा है। सलमान खान के व्यस्त शेड्यूल को ध्यान में रखते हुए फिल्म की टाइमलाइन्स पर चर्चा चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा और खान इस प्रोजेक्ट से जुड़ गए तो मेकर्स 2026 के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल, सारा ध्यान क्रिएटिव तरीके से स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने पर है।

इस बीच, सलमान खान अपनी अगली फिल्म बैटल ऑफ गलवान की तैयारियों में जुटे हैं, जिसका निर्देशन अपूर्वा लखिया कर रहे हैं और जिसे उनकी अपनी फिल्म सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म में खान और चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं और यह सच्ची ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित है। फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## राज निदिमोरू ने सामंथा रुथ प्रभु से शादी की

राज और डीके के हालिया प्रॉजेक्ट में द फैमिली मैन 3 शामिल है जिसमें मनोज बाजपेयी श्रीकांत तिवारी अपनी पुरानी भूमिका को दोहराते दिख रहे हैं। साथ ही प्रियामणि, शारिब हाशमी, गुल पनाग, जयदीप अहलावत और निमरत कौर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पर्सनल लाइफ की बात करें राज निदिमोरू ने 1 दिसंबर, 2025 को कोयंबटूर के ईशा योग केंद्र में एक समारोह में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु से शादी की।

# तापसी ने बताया कैसे करती हैं फिल्मों का चयन



अभिनेत्री तापसी पन्नू अभिनय के अलावा अपने बेबाक बयानों को लेकर भी पहचानी जाती हैं। वो अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती रहती हैं। अब तापसी पन्नू ने अपने करियर को लेकर बात की और बताया कि कैसे कई फ्लॉप के बाद उन्हें अपने करियर की राह मिली। साथ ही एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि कोई फिल्म चुनते वक्त उनके लिए क्या बात सबसे मायने रखती है।

## दर्शकों से जुड़ने वाली फिल्में करना है पसंद

बातचीत के दौरान तापसी पन्नू ने लगातार फ्लॉप फिल्मों और दिल टूटने के बाद अपनी असली पहचान की खोज के बारे में खुलकर बात की। तापसी ने कहा कि मुझे अपनी असली पहचान पाने के लिए लगातार कई फ्लॉप फिल्मों और दिल तोड़ने वाले अनुभवों से गुजरना पड़ा। मुझे एहसास हुआ कि मैं उन फिल्मों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करती हूं, जिनमें मेरा दिल और दिमाग पूरी तरह से उस चीज से जुड़ा होता है जिसे मैं पेश कर रही हूं। उस प्रोजेक्ट का दर्शकों के साथ गहरा जुड़ाव होता है। इसलिए अब मैं सिर्फ अपनी अंतरात्मा की सुनती हूं। मैं शायद उन प्रोजेक्ट्स को नहीं चुनती जो मेरे बैंक खाते को बढ़ाएं, बल्कि उन प्रोजेक्ट्स को चुनती हूं जो मेरी आर्टिस्टिक क्षमता को निखारें। एक ऐसा नया रास्ता बनाएं जिस पर ज्यादा लोग नहीं चलते।

## अपनी अंतरात्मा पर भरोसा करती हैं तापसी

अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने कुछ ऐसे प्रोजेक्ट और भूमिकाएं चुनीं जो बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रहीं। हालांकि, तापसी द्वारा लिए गए कुछ अलग तरह के काम और किरदारों ने उन्हें सफलता दिलाई। तब से वह पारंपरिक फॉर्मूले की परवाह किए बिना अपनी अंतरात्मा पर भरोसा करती हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने अपना खुद का एल्गोरिदम बनाया है।

## तापसी पन्नू का वर्कफ्रंट

वर्कफ्रंट की बात करें तो तापसी आखिरी बार साल 2024 में आई फिल्म 'खेल खेल में' नजर आई थीं। यह मल्टीस्टारर कॉमेडी फिल्म थी। इसके बाद अब उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में वो लड़की है कहां?, गांधारी और 'दुर्गा' जैसी फिल्में शामिल हैं। वो 'दुर्गा' की शूटिंग भी शुरू कर चुकी हैं।



# माही विज और जय भानुशाली ने अलग होने का किया एलान, बच्चों के लिए बने रहेंगे माता-पिता

**टेलीविजन इंडस्ट्री की सबसे चहेती जोड़ियों में गिने जाने वाले माही विज और जय भानुशाली ने अपने रिश्ते को लेकर ऐसा फैसला लिया है, जिसने फैंस को हैरानी में डाल दिया है। करीब 15 साल की शादी और लंबे साथ के बाद इस स्टार कपल ने अलग होने की घोषणा कर दी है। हालांकि दोनों ने साफ कर दिया है कि यह फैसला किसी विवाद या नकारात्मकता का नतीजा नहीं है, बल्कि शांति और समझदारी के साथ लिया गया एक फैसला है।**

## सोशल मीडिया पर जारी किया स्टेटमेंट

सोशल मीडिया पर साझा किए गए संयुक्त बयान में माही और जय ने न सिर्फ अपने अलग होने की पुष्टि की, बल्कि यह भी भरोसा दिलाया कि वे अपने तीनों बच्चों के लिए हमेशा एकजुट रहेंगे। माही विज और जय भानुशाली ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एक जैसा नोट शेयर करते हुए लिखा कि उन्होंने जिंदगी के सफर में अब अलग रास्ते चुनने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि भले ही वे पति-पत्नी के रूप में साथ न हों, लेकिन एक-दूसरे के लिए सम्मान, सहयोग और दोस्ती हमेशा बनी रहेगी। बयान में यह भी साफ किया गया कि इस फैसले में कोई 'विलेन' नहीं है, न ही किसी तरह की कड़वाहट। दोनों ने फैंस और मीडिया से अपील की कि वे इस फैसले को ड्रामा या विवाद की तरह न देखें, बल्कि शांति और समझ के साथ स्वीकार करें।

## 'हमारे बच्चों के लिए सबसे अच्छे माता-पिता बनेंगे'

इस पूरे ऐलान का सबसे भावुक हिस्सा उनके बच्चों को लेकर था। माही और जय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा उनके बच्चे रहेंगे- तारा (उनकी बायोलॉजिकल बेटी), खुशी और राजवीर (जिन्हें उन्होंने गोद लिया है)। उन्होंने लिखा कि बच्चों की भलाई के लिए वे न सिर्फ जिम्मेदार माता-पिता बनेंगे, बल्कि जरूरत पड़ी तो एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त भी रहेंगे। उनका कहना था कि बच्चों की परवरिश, सुरक्षा और खुशी के लिए वे हर मुमकिन कदम साथ मिलकर उठाएंगे।

## कब शुरू हुई थीं अलगाव की चर्चाएं?

माही विज और जय भानुशाली के रिश्ते को लेकर पिछले कुछ महीनों से अटकलें लगाई जा रही थीं। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार, दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था और वे अलग-अलग दिशा में आगे बढ़ रहे थे। लंबे समय से दोनों ने साथ में तस्वीरें पोस्ट करना बंद कर दिया था। कभी फैंस के पसंदीदा रहे फैमिली व्लॉग्स भी नजर नहीं आ रहे थे। जून 2024 के बाद कोई भी बड़ा फैमिली कोलैब सामने नहीं आया। हालांकि अगस्त में बेटी तारा के जन्मदिन पर दोनों साथ नजर आए, लेकिन वहां भी उनके बीच दूरी साफ झलक रही थी।

## जय और माही की शादी

माही विज और जय भानुशाली की लव स्टोरी टीवी इंडस्ट्री की सबसे चर्चित कहानियों में से एक रही है। दोनों ने एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2010 में एक निजी समारोह में शादी की थी। शादी के बाद यह जोड़ी रियलिटी शोज, अवॉर्ड फंक्शन्स और सोशल मीडिया पर अक्सर साथ नजर आती थी। दोनों ने हमेशा एक-दूसरे का करियर में समर्थन किया और 'परफेक्ट कपल' की मिसाल माने जाते रहे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com